# English

## How to Teach

### Class 3







राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् छत्तीसगढ़, रायपुर

# छत्तीसगढ़ के राजकीय प्रतीक



राजकीय पशु – वन भैंसा



राजकीय पक्षी – पहाड़ी मैना



राजकीय वृक्ष – साल वृक्ष



राजकीय पुष्प – गेंदा



राजकीय नृत्य – करमा लोक नृत्य

# Teachers' Handbook
# (Based on Textbook)

# ENGLISH

## Class - 3

राज्य शैक्षिक अनुसन्धान एवं प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़ रायपुर

# प्रकाशन वर्ष: 2022

## मार्गदर्शन

**राजेश सिंह राणा** भा.प्र.से.
संचालक
एस.सी.ई.आर.टी.,छ.ग., रायपुर

**डॉ. योगेश शिवहरे**
अतिरिक्त संचालक
एस.सी.ई.आर.टी.,छ.ग., रायपुर

## मुख्य समन्वयक

श्रीमती विद्या डांगे

## समन्वयक

ललित कुमार साहू

## विशेष सहयोग

डॉ. विद्यावती चंद्राकर

## सहयोग

Archana Verulkar, Anil Manikpuri, Sayeed Quereshi, Pratibha Sahu, Swati Dubey, Poonam Verma, Motiram Sahu, Rajni Patel, Yogeshwari Sahu, Bharti Verma

## टायपिंग एवं डिजायनिंग

घनश्याम पटेल

## आवरण पृष्ठ

श्री सुधीर कुमार वैष्णव

# CONTENTS


| S.N. | Lessons | Page No. |
|---|---|---|
| 1. | GOD BLESS YOU | 1-6 |
| 2. | LET'S KNOW EACH OTHER | 7-12 |
| 3. | WHO IS WHO | 13-19 |
| 4. | HELLO! HELLO! | 20-24 |
| 5. | GOD MADE ALL | 25-30 |
| 6. | THE WEEK | 31-38 |
| 7. | IN THE YEAR | 39-46 |
| 8. | PART OF THE BODY | 47-50 |
| 9. | DOING THINGS | 51-57 |
| 10. | DEAR….DEAR | 58-63 |
| 11. | MILK MAID | 64-69 |
| 12. | A BAD CAT | 70-75 |
| 13. | A HAPPY CHILD | 76-81 |
| 14. | LET US HURRY | 82-86 |
| 15. | THE SWING | 87-91 |
| 16. | WHO IS CLEVER? | 92-95 |

# Class 3

| S.NO | Codes | Learning Outcomes |
|---|---|---|
| 1. | LE301 | recites poems individually/ in groups with correct pronunciation and intonation |
| 2 | LE302 | performs in events such as role-play/ skit in English with appropriate expressions. |
| 3 | LE303 | reads aloud with appropriate pronunciation and pause |
| 4 | LE304 | reads small texts in English with comprehension i.e., identifies main idea, details and sequence and draws conclusions in English |
| 5 | LE305 | expresses orally her/his opinion/understanding about the story and characters in the story, in English/ home language |
| 6 | LE306 | responds appropriately to oral messages/ telephonic communication. |
| 7 | LE307 | writes/types dictation of words/phrases/sentences |
| 8 | LE308 | uses meaningful short sentences in English, orally and in writing.uses a variety of nouns, pronouns, adjectives and prepositions in context ascompared to previous class. |
| 9 | LE309 | distinguishes between simple past and simple present tenses |
| 10 | LE310 | identifies opposites like ‘day/night’, 'close-open', and such others. |
| 11 | LE311 | uses punctuation such as question mark, full stop and capital letters appropriately. |
| 12 | LE312 | reads printed scripts on the classroom walls: poems, posters, charts etc |
| 13 | LE313 | writes 5-6 sentences in English on personal experiences/events using verbal or visual clues |
| 14 | LE314 | uses vocabulary related to subjects like Maths, EVS, relevant to classIII. |

## Lesson - 01

## GOD BLESS YOU

**Standard Class Strength:- 30**

**Class Duration: - 40 minutes**

**Expected days to complete the lesson:- 3 days.**

| Code of Learning Outcomes that could be addressed | LE 301, LE302, LE303, LE308 |
|---|---|
| **Teaching Procedure** | |
| **Objective** | ➢ विद्यार्थी उचित उच्चारण एवं हावभाव के साथ कविता का पाठ व्यक्तिगत एवं समूह में कर पाएंगे।<br>➢ अंग्रेजी में उचित हावभाव के साथ रोल प्ले/प्रहसनों में हिस्सा ले पाएंगे।<br>➢ सही उच्चारण एवं ठहराव के साथ जोर से पढ़ पाएंगे।<br>➢ मौखिक/लिखित रूप में उचित अर्थ वाले छोटे वाक्यों का उपयोग करते समय Noun, Pronoun आदि को उचित संदर्भ में उपयोग कर पाएंगे। |
| **Introduction** | शिक्षक पिछली कक्षा में पढ़ाई/याद की गई कुछ मनोरंजक कविताओं को दोहराते हुए विद्यार्थियों को इस नई कविता से जोड़ कर पाठ को शुरू किया जा सकता है। जिससे विद्यार्थियों को शुद्ध उच्चारण व उतार-चढ़ाव तथा लय के साथ पढ़ने का वातावरण उपलब्ध हो सकें। |
| **Preparation** | Picture cards and word cards जैसे- nurse, doctor, teacher, farmer, tailor, star, students, ant, rate, cat, birds, flowers, friend, boy, girl एवं इनके बहुवचन card भी बनावें। |

<table>
<tr><th colspan="2">DAY 1<br>(Listening skill)</th></tr>
<tr><td>Step – I</td><td>Activity -1<br>Recitation of the poem:<br>शिक्षक विद्यार्थियों को आधा गोला बनाकर खड़े रहने के लिए कहेंगे। वे हावभाव के साथ 2-3 बार कविता सुनाएंगे। विद्यार्थी कविता को सुनकर शुद्ध उच्चारण के साथ दोहराएंगे।<br>Instructions for the activity<br>● Stand up and make a half circle.<br>● I will recite a poem and you repeat after me.</td></tr>
<tr><td>Step - II</td><td>Activity -2<br>Explanation of the poem:<br>शिक्षक मूर्त वस्तुएं व पिक्चर कार्ड कक्षा में विभिन्न स्थानों या चारों Corners में टांगते हुए रखें।<br>शिक्षक विद्यार्थियों को गोल घेरा बनाकर स्वयं बीच में खड़े होकर टांगे गए कार्ड एवं मूर्त वस्तुओं की ओर संकेत करते हुए शुद्ध उच्चारण के साथ कविता का वाचन करेंगे।<br>उसके पश्चात् शिक्षक विद्यार्थियों से कुछ शब्दों के अर्थ पूछेंगे जैसे flowers, friends जिसे विद्यार्थी कार्ड के आधार पर बता पाएंगे। जिन शब्दों एवं वाक्यों का अर्थ विद्यार्थी नहीं बता पाएंगे उन्हें शिक्षक समझाएंगे।<br><br>Note to the teacher<br>➢ शिक्षक कार्ड में लिखे शब्दों का बार-बार अभ्यास करवायें जिससे विद्यार्थी उनसे अच्छी तरह परिचित हो जाएं।<br>➢ अंग्रेजी शब्दों के अर्थ बच्चे मातृभाषा में भी दे सकते है इस हेतु उन्हें प्रेरित करें।</td></tr>
</table>

| | |
|---|---|
| **Sum up** | शिक्षक द्वारा लय-ताल एवं हावभाव के साथ कविता सिखाई जाएगी तो विद्यार्थी बहुत रुचि लेंगे। साथ ही, विद्यार्थी इस कविता के माध्यम से नए-नए शब्दों से परिचित होंगे। |
| **DAY 2 (40 Min.)**<br>**(Reading Skill)** | |
| **Step – I** | **Activity – 1**<br>**Revision of the poem:**<br>शिक्षक कविता की पुनरावृत्ति करवाएंगे। विद्यार्थी सुनकर कविता को शुद्ध उच्चारण के साथ दोहराएंगे।<br>**Activity – 2**<br>**Passing Game**<br>➢ शिक्षक विद्यार्थियों को इस कविता में आए दो शब्दों friends और flowers के माध्यम से एकवचन एवं बहुवचन (one and many) समझाएं।<br>➢ 15-20 एकवचन व बहुवचन वाले संज्ञा शब्दों का word cards (nurse, tailor...) बनाकर एक खुले box में रखें।<br>➢ 15 विद्यार्थी गोल घेरे में एकवचन वाले शब्द कार्ड लेकर बैठेंगे।<br>➢ ध्वनि होने पर बॉल पास करेंगे।<br>➢ ध्वनि रुकने पर जिसके पास बॉल है वह box से 1 चिट निकाल कर वह अपने पास रखे शब्द कार्ड का बहुवचन शब्द जोर से बोलकर उच्चारण करेगा।<br>**Example** – We are doctors.<br>We are tailors.<br>➢ Learning Outcomes में जाकर दिए गए objects को विद्यार्थी fulfil करेगा।<br>➢ यह प्रक्रिया सभी विद्यार्थियों के साथ एक-एक कर दोहराएंगे। |

| | |
|---|---|
| | **Instructions for the activity**<br><br>**Make a circle and sit down.**<br>**Pick up a chit and say – We are ……..**<br>**Please write it now and say – We are ……..**<br><br>**Note to the teacher**<br><br>● कक्षा में बच्चों की संख्या अनुसार word card बना सकते है।<br>● शिक्षक रोल-प्ले करवाते समय प्रयास करें कि बच्चे का रोल प्रत्येक विद्यार्थी को मिले। |
| **Sum up** | विद्यार्थी कविता सीखने के साथ ही रोल-प्ले के बारे में भी जानेंगे तथा उस गतिविधि को आनंदपूर्वक सम्पन्न करेंगे। |
| **DAY 3**<br>(Vocabulary) | |
| **Step – I** | **Activity 1**<br><br>**Revision of the poem:**<br><br>शिक्षक विद्यार्थियों को कविता सुनाने के लिए कहेंगे। |
| **Step - II** | **Activity – 2**<br><br>**Role play:**<br>शिक्षक विद्यार्थियों को 2 समूहों में बाटेंगे और रोल-प्ले करवाएंगे। एक समूह में केवल एक ही विद्यार्थी रहेगा जो बच्चे द्वारा कही गई पंक्तियां सुनाएगा। दूसरे समूह में बाकी सारे विद्यार्थी फूलों द्वारा कही गई पंक्तियां कहेंगे। बच्चे के रोल को बदल-बदल कर अलग-अलग विद्यार्थियों से करवाएं।<br>इस गतिविधि के द्वारा विद्यार्थियों का I और We की अवधारणा भी समझाएं। |

| | |
|---|---|
| | **बच्चा -**<br>**Dear little friends,**<br>**I love you.**<br>**You are so pretty**<br>**Who made you?**<br>**फूलों का समूह**<br>**We are flowers.**<br>**We are gay**<br>**God made us**<br>**To smile everyday.**<br>**You are a little one,**<br>**You are nice**<br>**God bless you,**<br>**Be happy and wise.**<br>**Activity 3**<br>**Asking questions:**<br>कक्षा के सभी विद्यार्थियों को Birds, Ants, Cats, Rats 4 समूह में बांटे। समूह के नाम वाले card अलग-अलग कोने में रख दे सभी बच्चे अपने-अपने समूह के नाम वाले card के पास खड़े हो जाएंगे।<br>पहले शिक्षक प्रत्येक समूह से प्रश्न करेंगे।<br>जैसे-<br>A : Who are you? What do you like?<br>बच्चों को इन प्रश्न के उत्तर अपने समूह के नाम के अनुसार देने है जैसे-<br>B : We are ants. We like biscuits.<br>जैसे- यह प्रक्रिया 2-4 बार दोहराएंगे।<br>अब यही प्रश्न एक समूह के बच्चे दूसरे समूहों से पूछते जाएंगे। |

| | |
|---|---|
| | **Note for the teacher**<br>कक्षा में विद्यार्थियों की संख्यानुसार शिक्षक व्यवस्था बना सकते हैं।<br>सभी विद्यार्थियों की सहभागिता अनिवार्य है।<br>सभी गतिविधियां इस पाठ की LOs पर आधारित हैं।<br>शिक्षक आवश्यकता होने पर विद्यार्थियों की सहायता करेंगे।<br>पाठ में आए कुछ नवीन और कठिन शब्दों का शिक्षक द्वारा निवारण किया जाए। |
| **Sum up** | इस प्रकार विद्यार्थी कविता को सुनाने के साथ ही एकवचन एवं बहुवचन की अवधारणा भी सीख पाएंगे। |

## Lesson - 02

## LET'S KNOW EACH OTHER

**Standard Class Strength:- 30**

**Class Duration: - 40 minutes**

**Expected days to complete the lesson:- 3 days.**

| | | |
|---|---|---|
| **Code of Learning Outcomes that could be addressed** | **LE 302** | |
| **Teaching Procedure** | | |
| **Objective** | ➢ विद्यार्थी स्वयं का परिचय दे पाएंगे।<br>➢ वे पक्षियों के नाम बता पाएंगे।<br>➢ वे पुस्तक का पाठ पढ़ पाएंगे। | |
| **Introduction** | बच्चों का पहला परिचय अपने आप से होता है। उसके बाद उनका परिचय अपने परिवार, दोस्तों से होता है। आसपास के जानवर एवं पक्षियों के बारे में भी वे जानते हैं।<br>शिक्षक बच्चों को अपना परिचय बताते हुए - I am .................. पाठ का आरंभ कर सकते है या किसी birds या animals का role play करते हुए - I am ................. पाठ आरंभ कर सकते है। | |
| **Preparation for the lesson** | **Masks of different birds –** crow, peacock, hen, parrot etc.<br>**Flash cards with words –** lions, cows, crows, red, mangoes, parrots, blue, oranges, goat, kids, tiger, cub, sheep, lamb, horse, foal, dog, puppy, cat, kitten, cow, calf, hen, chick. | |
| **DAY 1** (Listening skill) | | |
| **Step – I** | **Activity -1 Throwing the ball and telling name**<br><br>**Description of the activity** | |

| | |
|---|---|
| | शिक्षक विद्यार्थियों को गोला बनाकर खड़े रहने के लिए कहेंगे। उन्हें गतिविधि के नियम बताएंगे कि जिसके पास ball रहेगी वो अपना परिचय देंगे, उसके बाद दूसरे विद्यार्थी का नाम लेकर उसकी ओर ball फेकेंगे। तब वह अपना नाम बताएगा।<br>सर्वप्रथम शिक्षक अपना परिचय देंगे।<br>Hello! I am Jaya.<br>फिर वह विकास बोलकर विकास की तरफ ball फेकेंगी। विकास अपना परिचय देगा।<br>Hello! I am Vikas.<br>इसी प्रकार बारी-बारी से सभी विद्यार्थी अपना परिचय देंगे। |
| **Step - II** | **Activity -2**<br>**Revising names of the birds**<br>शिक्षक विभिन्न पक्षियों के चित्र दिखाकर विद्यार्थियों से उनके नाम पूछेंगे। विद्यार्थी हिन्दी में अथवा घर की भाषा में उत्तर देंगे। शिक्षक उनसे अंग्रेजी नाम (parrot, crow, peacock, duck, pigeon, hen) पूछेंगे क्योंकि विद्यार्थी पूर्व में कुछ पक्षियों के अंग्रेजी नाम पढ़ चुके हैं। जो नाम विद्यार्थी नहीं बता पाएंगे उन्हें शिक्षक बताएंगे तथा उन नामों को बोर्ड पर लिखेंगे। |
| **Step - III** | **Activity -3 Linking names of birds with their sounds**<br>शिक्षक विद्यार्थियों को पक्षियों की आवाज निकालने के लिए कहेंगे। शिक्षक crow कहेंगे तो विद्यार्थी कांव-कांव बोलेंगे। शिक्षक विद्यार्थी से बोर्ड पर लिखे हुए शब्दों में से crow की spelling पहचानने के लिए कहेंगे।<br>शिक्षक विद्यार्थियों के 2 समूह बनाएंगे। बारी-बारी से एक समूह वाले आवाज निकालेंगे और दूसरे समूह वाले पक्षी का अंग्रेजी नाम बताएंगे।<br><br>**Activity - 4**<br>**Reading the names of birds and making their sound** |

| | |
|---|---|
| | शिक्षक विद्यार्थियों को बोर्ड पर लिखे पक्षियों के नाम एक-एक करके पढ़ने के लिए कहेंगे तथा उस पक्षी की आवाज निकालने के लिए कहेंगे।<br><br>**Activity -5 Writing the names of birds**<br>शिक्षक विद्यार्थियों को पक्षियों के नाम अपनी कॉपी में लिखने के लिए कहेंगे।<br>**Instructions for the activity**<br>Make a circle.<br>Throw the ball.<br>Tell your name.<br>**Note to the teacher**<br>शिक्षक बोर्ड पर लिखे शब्दों का बार-बार अभ्यास करवायें जिससे विद्यार्थी उनसे अच्छी तरह परिचित हो जाएं।<br>शिक्षक विद्यार्थियों को पाठ पूर्ण होते तक प्रतिदिन अपना परिचय देने के लिए कहें। शिक्षक विद्यार्थियों को instructions देते समय छोटे अंग्रेजी वाक्यों का प्रयोग करें। |
| **Sum up** | ➢ गतिविधि के माध्यम से अपना परिचय देना व birds के नाम बता पाते है।<br>➢ सही उच्चारण के साथ words का अभ्यास कर लेते है। |
| **DAY 2 (40 Min.)**<br>**(Reading Skill)** | |
| **Step – I** | **Revision of Self-Introduction**<br>शिक्षक कुछ विद्यार्थियों को पुनः अपना परिचय देने के लिए कहेंगे। |
| **Step – II** | **Revision of names of birds**<br>शिक्षक एक-एक पक्षी का कार्ड दिखाएंगे एवं विद्यार्थियों से उनके अंग्रेजी नाम पूछेंगे। |

| | |
|---|---|
| **Step – III** | **Reading the text Aloud**<br><br>शिक्षक विद्यार्थियों को पुस्तक खोलने के लिए कहेंगे तथा उन्हें पक्षियों के नाम के बारे में बताएंगे कि कौवे का नाम काकु है। फिर उसे पढ़कर बताएंगे कि काकु किस प्रकार अपना परिचय दे रहा है- I am Kaku. इसी प्रकार अन्य सभी पक्षियों के नाम भी शिक्षक पढ़कर बताएंगे। इसके पश्चात् वे विद्यार्थियों को भी पढ़ने के लिए कहेंगे। |
| **Step – IV** | **Introduction of birds**<br><br>शिक्षक विद्यार्थियों के समूह बनाएंगे। एक समूह में छः विद्यार्थी रहेंगे। शिक्षक एक समूह के विद्यार्थियों को पक्षियों के मुखौटे देंगे। वे मुखौटे पहनकर अपना-अपना परिचय देंगे जैसे Hi! I am Mithu. इसे सभी समूहों के साथ दोहराएंगे।<br><br>शिक्षक विद्यार्थियों को exercise समझा दें जिसमें उन्हें पक्षियों के नाम लिखने हैं तथा उन्हें घर से करके लाने के लिए कहें।<br><br>**Instructions for the activity**<br>Group 1 – Come here.<br>Wear your masks.<br>Introduce yourself.<br><br>**Note to the teacher**<br>शिक्षक सभी विद्यार्थियों से पढवाएं तथा गतिविधि में सभी विद्यार्थियों को सम्मिलित करें। |
| **Sum up** | इस गतिविधि द्वारा विद्यार्थी विभिन्न पक्षियों एवं जानवरों का role play कर लेते है। |

| DAY 3<br>(Vocabulary) | |
|---|---|
| **Activity 1**<br><br><br><br>**Activity 2** | **Checking the homework**<br>शिक्षक विद्यार्थियों द्वारा किये गये गृहकार्य की जांच करें। जिन विद्यार्थियों ने सही लिखा है उन्हें एक-एक करके बोर्ड पर आकर लिखने के लिए कहें।<br>**Reading aloud**<br>Exercise IV<br>विद्यार्थियों को पुस्तक में दिए word box में से जानवरों के नाम ढूंढ़कर कर पेंसिल से गोला लगाने को कहेंगे। |
| **Step - I** | शिक्षक विद्यार्थियों को जानवर और उनके बच्चों के नाम जैसे- a goat and kids का अभ्यास कराएंगे उसके पश्चात् विद्यार्थियों को उन जानवरों और उनके बच्चों के नाम लिखे हुए card बाँटेंगे और उन्हें अपना जोड़ीदार ढूंढ़ने को कहेंगे। |
| **Step – II**<br>**Activity 3**<br><br><br>**Activity 4** | **Finding words from the word box**<br>Exercise VI में एक word box दिया हुआ है जिसमें animals ds young ones के नाम दिए हुए है। विद्यार्थियों से उन्हें ढूंढने के लिए कहें।<br>**Classifying words**<br>4 डिब्बे लें। उन पर fruits, colours, animals, birds लिखें। table पर flash cards रखें जिसमें lions, cows, crows, red, mangoes, parrots, blue, oranges लिखा हुआ है। एक-एक बच्चे को बुलाएँ और कार्ड उठाने के लिए कहें एवं उचित डिब्बे में डालने के लिए कहें।<br><br>**Instructions for the activity**<br>Pick up a card.<br>Read it. Put it in the proper box.<br>Come one by one. |

| | |
|---|---|
| | **Note for the teacher**<br>Activity के दौरान target words को मातृभाषा व english दोनों में उच्चारित करें ताकि बच्चों को अधिक से अधिक words exposer मिले। |
| **Sum up** | Birds and animals name को अपनी मातृभाषा से english में जान लेते है। |

## Lesson - 03

## WHO IS WHO

**Standard Class Strength:- 30**

**Class Duration: - 40 minutes**

**Expected days to complete the lesson:- 4 days.**


| | |
|---|---|
| **Code of Learning Outcomes that could be addressed** | **LE303, LE305, LE308, LE313** |

| **Teaching Procedure** | |
|---|---|
| **Objective** | ➢ बच्चे विभिन्न professional से परिचित होंगे।<br>➢ Personal pronouns he, she एवं possessive pronouns his, her का use करना सीख सकेंगे।<br>➢ सम्बोधन सूचक शब्द Mr. Mrs. Miss का use कर सकेंगे।<br>➢ Relationship (father, mother, son, sister etc) का English में परिचय कर सकेंगे।<br>➢ कुछ professionals को uniform से पहचान कर सकेंगे।<br>➢ उचित ठहराव व उच्चारण से पाठ पढ़ सकेंगे।<br>➢ पढ़कर संबंधित प्रश्नों के उत्तर दे सकेंगे।<br>➢ परिचित विषयों पर कुछ वाक्य बोल एवं लिख सकेंगे। |
| **Introduction** | इस lesson में हम बच्चों को उनके परिवार व परिवेश से जोड़ते हुए Relationship (Father, Mother etc), Professionals (Teacher, Doctor etc), Personal pronouns (He, She etc), Respectable word (Mr, Mrs, etc) को home language के माध्यम से meaningful speaking and learning का exposure दे सकेंगे। |
| **Preparation** | Picture card and word cards for target word - Doctor, shopkeeper, lawyer, teacher, farmer, nurse, typist, postman, artist, police inspector, tailor, painter, cobbler, and milkman. |

| | |
|---|---|
| | **Note :-**<br>शिक्षक picture card का निर्माण drawing sheet में करेंगे।<br>**या**<br>कम्प्यूटरीकृत printed picture card उपलब्ध करायेगे।<br>**या**<br>Mobile से content का picture दिखाकर exposure दे सकेंगे। |
| **DAY 1**<br>(Listening skill) | |
| **Step – I** | **Whole class activity**<br>**1.** शिक्षक बच्चों को आवश्यकतानुसार व्यवस्थित बैठाएंगे।<br>**2.** शिक्षक picture card को learner को दिखाते हुए संबंधित picture के बारे में स्थानीय भाषा में चर्चा करें तथा English में बताएं।<br>जैसे :- यदि picture card farmer का है तो शिक्षक बच्चों से उनके कार्य हल चलाना, फसल उगाना आदि तथा औजार हल, रापा, खुरपी, कुदाल का use करने की जानकारी देकर चर्चा करें एवं इसी प्रकार अन्य professions को learners के साथ चर्चाकर English में सिखा सकेंगे।<br>**3.** English word का सही उच्चारण के साथ बच्चों से दोहराएं।<br>Example :- यदि picture card Doctor का है तो शिक्षक doctor कहेगा एवं बच्चे doctor कहकर दोहराएंगे।<br>यह प्रक्रिया सभी picture card के लिए बारी-बारी से करवाएं। |
| **Step - II** | तत्पश्चात् board पर lesson के एक paragraph को लिखें :-<br>This is Mr. Sinha.<br>He is a Doctor.<br>His father is a Shopkeeper<br>इस paragraph के सभी sentences को शिक्षक बोले एवं बच्चे दोहराएं।<br>इसी प्रकार शिक्षक सभी paragraph का अभ्यास करवाएंगे। |

<table>
<tr><td>Step - III</td><td>संबंध सूचक word एवं pronoun का use करना सीखेंगे।<br>Example :<br>(1) Respectable word for feminine<br>Unmarried Married<br>Feminine gender में unmarried के लिए "Miss" तथा married के बाद "Mrs." का use किया जाता है की जानकारी देते हुए संबंध सूचक word का use करना सीखा सकेंगे।<br>इसी प्रकार masculine के लिए respectable word (Mr., Mister) का use करना सीखा सकेंगे।</td></tr>
<tr><td>Sum up</td><td>बच्चे professions के name and सम्बन्ध सूचक words का उपयोग कर लेते हैं।</td></tr>
<tr><td colspan="2">DAY 2 (40 Min.)<br>(Reading Skill)</td></tr>
<tr><td>Activity – 1</td><td>Board पर lesson के एक paragraph को लिखें -<br>"This is Mr. Sinha<br>He is a Doctor.<br>His father is a shopkeepers."<br>• This is Mr. Sinha में Mr. Sinha एक व्यक्ति का नाम है इसलिए यह एक noun है।<br>• He is a Doctor. इस वाक्य में Mr. Sinha के स्थान पर He का use किया गया है -<br>Noun Pronoun<br>Mr. Sinha ⟶ He<br>• His father is a shopkeeper. यहाँ पर संबंध बताने के लिए (His) का use किया गया हैं।</td></tr>
</table>

| | |
|---|---|
| | • सभी paragraph के लिए यह प्रक्रिया करावें। |
| **Activity – 2** | **Use of pronoun:**<br>• He एवं she को सीखाने के लिए शिक्षक एक लड़का और एक लड़की को आगे खड़ा करेंगे और कुछ वाक्य सिखायेंगे।<br>• लड़के की ओर इशारा करते हुए<br>जैसे–<br>This is Vijay.<br>He is a boy.<br>His father is a farmer.<br>• इसी तरह लड़की को इशारा करते हुए<br>जैसे –<br>This is Madhu.<br>She is a girl.<br>Her father is a doctor.<br>• अलग-अलग बच्चों को खड़ा करें एवं उनके साथियों को इस प्रकार के वाक्य बोलने को कहें।<br>**Note :-**<br>1. कक्षा में period के दौरान किसी student (boy/girl) को सामने खड़ा करके उनके बारे में तथा He/She, His/Her का use करना सिखाया जा सकता है।<br>2. प्रस्तावित गतिविधि को बच्चों के LOs प्राप्ति तक period बढाये जा सकेंगे। |
| **Sum up** | इस activity के बाद बच्चे He/She, His/Her का use कर लेते हैं। |

| DAY 3<br>(Vocabulary) | |
|---|---|
| **Activity** | **Ring the bell**<br>● बच्चों को गोल घेरा में बैठाएंगे (सुविधानुसार 10-20 बच्चों का समूह बनाकर)।<br><br>एक विद्यार्थी circle के बीच में घंटी एवं picture card लेकर बैठेगा एवं आंख बंद कर घंटी बजाएँगे।<br>● Circle में बैठा विद्यार्थी गेंद को एक दूसरे को पास करते रहेंगे।<br>● जैसे ही घंटी बजना बंद होगा जिसके हाथ में गेंद होगी वह circle के बीच में आएगा एक picture card उठाकर सभी बच्चों को दिखाते हुए संबंधित card को पहचान कर, उसका नाम बोलेगा।<br>**Example**:- यदि picture card teacher का है तो वह teacher बोलेगा।<br>● यदि गलत उच्चारण व नाम बोलता है तो शिक्षक एवं ग्रुप के बच्चे सही कराएंगे।<br>**Note for the teacher :-**<br>शिक्षक अपनी आवश्यकतानुसार picture card का निर्माण 2-3 सेट में कर सकते हैं।<br>● प्रत्येक बच्चे के सीखने तक यह गतिविधि कराएंगे।<br>● शिक्षक कक्षा संचालन के दौरान target word के आलावा अन्य content आवश्यकतानुसार जोड़ सकते है। |

<table>
<tr><th colspan="2">DAY 4</th></tr>
<tr><td>Activity - 1</td><td>Who is who :-<br>● कक्षा के सभी विद्यार्थियों के दो समूह बनाएंगे।<br>● एक box में word cards रख देंगे।<br>● प्रथम समूह picture card रखेंगे एवं picture card को देखते हुए कहेंगे - Who is who<br>● दूसरा समूह Picture card को पहचान कर word card निकाल कर उच्चारण करते हुए नाम बताएँगे।<br>Example :<br>यदि picture card doctor का है तो This is a doctor कहेंगे। यह प्रक्रिया ग्रुप बदल-बदल कर करवाएं।</td></tr>
<tr><td>Activity - 2</td><td>Black board work<br>Look and say and fill in the blanks:<br>● शिक्षक board के पास picture card को रखेंगे एवं board पर निम्न वाक्य लिखेंगे -<br>This is Mr. Sinha.<br>.................... is a .............<br>विद्यार्थी board के पास आएंगे एवं picture card उठाकर कक्षा के सभी विद्यार्थी को दिखाते हुए खाली स्थान को पूरा करेंगे।<br>यह प्रक्रिया Mr. Sinha के स्थान पर नाम बदलकर सभी नामों के लिए करावें।<br>Example :<br>इस पाठ में Mr. Sinha Doctor है तो वह card से doctor card को सभी बच्चों को doctor कहते हए दिखाएंगे एवं खाली स्थान को पूरा करेंगे -</td></tr>
</table>

| | |
|---|---|
| | This is Mr. Sinha.<br><br>He is a Doctor.<br><br>**Note for the teacher:**<br><br>• प्रस्तावित गतिविधियों को क्रम में या संदर्भानुसार बदला जा सकता है।<br>• उपरोक्त गतिविधियों को समय एवं विद्यार्थियों के सीखने के आधार पर गति देते हुए संपन्न कराया जावे।<br><br>**Classroom language for teacher:**<br><br>Come here, go there, make a circle, clap-clap, repeat after me, say loudly, what is this, look at the picture, pick up a card etc. |
| **Sumup** | उपर्युक्त Activity से learner निर्धारित LOs को प्राप्त कर सकेंगे। |

## Lesson - 04

## HELLO! HELLO!

**Standard Class Strength:- 30**

**Class Duration: - 40 minutes**

**Expected days to complete the lesson:- 3 days.**

| **Code of Learning Outcomes that could be addressed** | **LE301, LE314** |
|---|---|
| **Teaching Procedure** | |
| **Objective** | ➢ विद्यार्थी लय-ताल के साथ कविता सुना पाएंगे।<br>➢ विद्यार्थी गणित की संख्या 1 से 12 के ज्ञान का उपयोग कर पाएंगे।<br>➢ घड़ी देखकर समय बता सकेंगे।<br>➢ समयानुसार अभिवादन करना सीख सकेंगे। |
| **Introduction** | विद्यार्थी सुबह, दोपहर और शाम के बारे में जानते हैं। समय के बारे में भी कुछ बातें जानते हैं। कक्षा 2 में वे अंग्रेजी की गिनती भी सीख चुके हैं। Hello एवं Good Morning बोलकर अभिवादन करना भी सीख चुके हैं। कक्षा की शुरुआत हम कक्षा 2 की कविता Good Morning, Good Morning, How are you? से भी कर सकते हैं। |
| **Preparation for the activity** | Flash cards (1 to 12 o'clock, Good morning, good evening and good afternoon), Clock or model of clock. |
| **DAY 1**<br>(Listening skill) | |
| **Step – I** | **Activity – 1 Recitation of poem**<br>शिक्षक 4-5 बार कविता को लय-ताल के साथ सुनाएंगे एवं विद्यार्थी उसे दोहराएंगे। उसके बाद शिक्षक विद्यार्थियों को समूह में कविता सुनाने के लिए कहेंगे। |

| | |
|---|---|
| **Step - II** | **Activity – 2 Counting from 1 to 12**<br>शिक्षक विद्यार्थियों से पूछेंगे कि उन्होंने कक्षा 2 में जो numbers पढ़े थे वो याद हैं क्या? यदि किसी विद्यार्थी को याद हो तो उसे सुनाने के लिए कहेंगे। बाद में उसके साथ बाकी बच्चे भी 1 से 12 तक गिनती दोहराएंगे। उसके पश्चात् शिक्षक उन संख्याओं को बोर्ड पर लिखेंगे एवं उतनी संख्या का चित्र बनाएंगे जैसे यदि 4 लिखेंगे तो 4 कंचे बनाएंगे।<br>**Activity – 3 Telling the time**<br>शिक्षक विद्यार्थियों को घड़ी के द्वारा अथवा घड़ी के मॉडल के द्वारा समय देखना सिखाएंगे। उससे पहले शिक्षक बोर्ड पर घड़ी बनाकर समझा सकते हैं कि 1 बजे, 2 बजे ... आदि समय पर बड़ा काँटा हमेशा 12 पर रहता है। उसके पश्चात् ये बताएँगे कि जितने पर घंटे का काँटा होता है उतने बजते हैं जैसे 1 बजे घंटे का काँटा 1 पर रहेगा। |
| **Step - III** | **Activity – 4 Greetings**<br>शिक्षक विद्यार्थियों को बताएंगे कि good morning, good afternoon, good evening कब-कब कहा जाता है। उदाहरण के लिए प्रायः सभी बच्चे सुबह शिक्षक को good morning कहते हैं। इसी प्रकार दोपहर की कक्षा good afternoon कहते हैं। परन्तु विद्यार्थी good evening से परिचित नहीं होंगे तो शिक्षक को उन्हें बताना पड़ेगा कि शाम के समय यह अभिवादन किया जाता है।<br>**Note to the teacher**<br>उपरोक्त गतिविधियां 2 LOs पर आधारित हैं।<br>अतः सभी विद्यार्थियों को गतिविधि में सम्मिलित करें। |
| **Sum up** | उपरोक्त गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थी लय-ताल के साथ कविता सुनाना सीख पाएंगे। साथ ही समय देखने की गणित की अवधारणा को अंग्रेजी भाषा में कैसे बोला जाता है उसे भी सीख पाएंगे। दैनिक जीवन में प्रतिदिन कक्षा में किए जाने वाले अभिवादन का भी उपयोग समयानुसार कैसे |

| | |
|---|---|
| | किया जाता है यह भी सीखेंगे। अगले दिन भी इन अवधारणाओं से संबंधित गतिविधियां करवाई जाएंगी। |
| **DAY 2 (40 Min.)**<br>**(Reading Skill)** | |
| **Step - I** | **Activity – 1 Revision of previous activities**<br>शिक्षक विद्यार्थियों से पूछेंगे कि किसी को कल सुनाई हुई कविता याद है क्या? जिन विद्यार्थियों को याद होगी वे उसे सुनाएंगे और बाकी विद्यार्थी उसे दोहराएंगे।<br>शिक्षक समय देखने एवं greetings का भी revision करवाएंगे। इसके लिए घड़ी दिखाकर अथवा बोर्ड पर घड़ी बनाकर उदाहरण के लिए 11 बजे का समय दर्शाकर विद्यार्थियों से समय पूछेंगे और उस समय कौनसे greetings का उपयोग किया जाता है यह पूछेंगे। |
| **Step - II** | **Activity – 2 Musical chair race to tell the time**<br>शिक्षक विद्यार्थियों को musical chair अथवा pass the parcel खेल खिलाएंगे। जिस विद्यार्थी को कुर्सी या पार्सल नहीं मिलेगा उसे बुलाकर शिक्षक उससे घड़ी में समय देखने के लिए कहेंगे यह बताते हुए कि अभी कौन सा समय (दिन/शाम) है एवं उस समय कौनसा greeting बोलेंगे ये पूछेंगे। उसके बाद उसे ही खेल को आगे बढ़ाने के लिए कहेंगे और क्रमशः सभी विद्यार्थियों को एक के बाद एक अवसर दिया जाएगा।<br>**Activity – 3 Pair work/Group work**<br>जितने विद्यार्थी सही उत्तर नहीं देंगे उनकी संख्या के अनुसार जिन्हें सही उत्तर पता है उन विद्यार्थियों के साथ जोड़ी बनाकर अथवा समूह बनाकर उन्हें आपस में सीखने के लिए कहेंगे। शिक्षक कक्षा में घूम-घूमकर देखेंगे कि विद्यार्थी सीख रहे हैं या नहीं। |

| | |
|---|---|
| **Step - III** | **Activity – 4 Reading Aloud**<br>शिक्षक board पर good morning, good afternoon, good evening तथा कविता के अन्य नए शब्द sunshine, mid-day, goodbye लिखेंगे तथा विद्यार्थियों को उसे पढ़ना सिखाएँगे। words घर से लिखकर लाने के लिए भी कहेंगे।<br>**Note to the teacher**<br>गृह कार्य के रूप में दिए गए शब्दों को जब विद्यार्थी पुस्तक में से देखकर अपनी कॉपी में लिखेंगे तो उसे देखकर उनके मस्तिष्क में उस शब्द का जो चित्र (image) बना था उसका सुदृढ़ीकरण होगा क्योंकि हम जानते हैं कि विद्यार्थी जब पढ़ना सीखने हैं तो उस अक्षर या शब्द का चित्र उनके मस्तिष्क में बन जाता है।<br>अगली गतिविधि पढ़ने की गतिविधि पर ही आधारित है अतः आवश्यकतानुसार इसे अगले दिन भी करवाया जा सकता है। |
| **Sum up** | विद्यार्थियों को कविता सुनाने की, समय देखने की, कौन से समय क्या greeting कहा जाता है इसकी practice कर लेते है। साथ ही इस कविता में आने वाले शब्द जैसे good morning, good afternoon, good evening पढ़ना व अभिवादन करना भी सीख लेते है। |
| **DAY 3 (40 Min.)**<br>(Vocabulary) | |
| **Step - I** | **Activity -1 Recitation of poem**<br>जिन विद्यार्थियों ने कक्षा में कविता नहीं सुनाई उन्हें बुलाकर शिक्षक कविता सुनाने के लिए कहेंगे। इस प्रकार शिक्षक यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक विद्यार्थी को कविता याद हो गई है। |
| **Step – II**<br>**(Round 1)** | **Activity -2 Checking the Homework**<br>विद्यार्थियों को जो कार्य घर से लिखकर लाने के लिए कहा था उसे चेक करेंगे। यदि लिखते समय विद्यार्थी कुछ गलती करते हैं जैसे small letters |

| | |
|---|---|
| | का शब्द लिखते समय बीच में ही capital letters लिखते हैं अथवा सारे letters का size एक ही रहता है तब उसे बोर्ड पर लिखकर समझाएंगे। |
| **Step – II (Round 2)** | **Activity -3 Linking time with day-to-day activities**<br>शिक्षक घड़ी के माध्यम से पुन: समय देखने का अभ्यास कराएंगे। उसके पश्चात् वो कुछ प्रश्न पूछेंगे जैसे आप सुबह कितनी बजे उठते हो, कितनी बजे शाला आते हो, कितनी बजे घर जाते हो आदि। विद्यार्थी जब समय बताएँगे तो शिक्षक एक-एक करके विद्यार्थियों को उस समय का flash card उठाने के लिए कहेंगे। इस हेतु वे प्रत्येक विद्यार्थी को अवसर देंगे। |
| **Step – III** | **Activity -4 Linking time with greetings**<br>शिक्षक flash card के 2 अलग-अलग set रखेंगे। एक set में समय से सम्बंधित कार्ड होगा जैसे घड़ी का चित्र जिसमें अलग-अलग समय दर्शाया जाएगा (1 बजे, 2 बजे आदि) तथा दूसरे set में greeting अर्थात् good morning, good afternoon, good evening लिखा होगा। शिक्षक एक-एक विद्यार्थी को बुलाकर पहले समय का card उठाने के लिए कहेंगे। उससे समय बताने के लिए कहेंगे एवं उसके अनुरूप greeting का card उठाने के लिए कहेंगे। |
| **Sumup** | शिक्षक यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक विद्यार्थी को कविता याद हो गई है, समय देखना आ गया है तथा उसे किस समय कौन सा greeting का उपयोग किया जाता है यह सीख लिया है। यदि विद्यार्थी की संख्या अधिक है तो उक्त सारी बातें निर्धारित समयावधि में समाप्त नहीं होती तो वे और 1-2 दिन इन्हीं गतिविधियों को करवाते रहें। |

# Lesson - 05

## GOD MADE ALL

**Standard Class Strength:- 30**

**Class Duration: - 40 minutes**

**Expected days to complete the lesson:- 3 days.**



| **Code of Learning Outcomes that could be addressed** | **LE301, LE308, LE314** |
|---|---|

| **Teaching Procedure** | |
|---|---|
| **Objective** | ➢ बच्चे poem को correct pronunciation के साथ recite कर सकेंगे।<br>➢ And का उपयोग करना सीखेंगे।<br>➢ Bright, small, beautiful and creatures words को simple sentences में use करना सीखेंगे एवं इन शब्दों के अर्थ से भली-भांति परिचित हो सकेंगे। |
| **Introduction** | इस पाठ के माध्यम से बच्चों को प्रकृति द्वारा बनाई हुई इस सृष्टि के सुन्दर, अद्भुत चीजों और प्राणियों के बारे में बताएं तथा home language की सहायता से आसपास के सुन्दर चीजों का परिचय दें एवं वे उन्हें English words से link करें। |
| **Preparation** | Chart paper. |
| **DAY 1 (40 min.)**<br>(Listening skill) | |
| **Activity – 1** | **Recitation of new poem**<br>Lesson से जुड़ने के लिए शिक्षक कोई अतिरिक्त सरल या पिछली कक्षाओं में बच्चों को पढाये गए poem का संदर्भ लेते हुए poem recitation कर वातावरण को enjoy full learning के लिए तैयार करें। कुछ ऐसे poem से भी शुरुआत कर सकते हैं। |

| | |
|---|---|
| | Thank you God for the world so sweet,<br>Thank you God for the food we eat,<br>Thank you God for the birds that sing,<br>Thank you God for everything. |
| **Activity – 2 (Round I)** | **Recitation of poem:**<br>शिक्षक बच्चों को circle में खड़े कराएं व स्वयं circle के बीच में खड़े होकर हाव-भाव के साथ कविता को प्रस्तुत करें एवं बच्चों को साथ ही साथ action के साथ poem दोहराने को कहेंगे। इस दौरान बच्चे poem recite करते हुए circle में ही move करेंगे। |
| **(Round II)** | इस round में शिक्षक circle से हटकर बाहर से बच्चों को observe करें एवं circle के बीच में बारी-बारी बच्चे change करें। ऐसे 5-6 बच्चों के साथ करें। अंत में शिक्षक poem की इन पंक्तियों का अर्थ भी बताएं।<br>**Instruction for teacher :-**<br>1. बच्चों को instruction English में दे जैसे - make a circle, move, in circle, come inside the circle, join the circle etc.<br>2. बच्चों को clap के साथ change करेंगे, जो circle के अन्दर रहेगा वह कहेगा -<br>I nominate - Reena<br>अब Reena कहेगी -<br>I nominate - Rajesh<br>3. शिक्षक activity के दौरान बच्चों को action के साथ poem recitation करने को कहे एवं shy बच्चों को भी chance दें। |
| **Sum up** | बच्चे कविता को हाव-भाव से सही उच्चारण के साथ बोल पाते हैं। |
| **DAY 2 (40 Min.)<br>(Reading Skill)** | |

| | |
|---|---|
| **Activity – 1** | **Use of And**<br>शिक्षक बच्चों से अपने pencil, paper, pen, eraser, sharpener, copy, book, chalk, duster और भी कई वस्तुओं को box में डालने को कहें।<br>अब शिक्षक कोई भी दो वस्तु निकल कर बच्चों को show करें और कहें - जैसे - Pencil and book.<br>अब शिक्षक उन वस्तुओं को वापस box में डाल दें।<br>अब किसी अन्य बच्चे को बुलाकर कोई भी दो वस्तु निकलने को कहें और वे उन वस्तुओं को पूरी class को show करते हुए English words को use करने को कहें -<br>जैसे - Pen and sharpener.<br>ये activity कुछ और बच्चों के साथ repeat करें। |
| **Activity – 2**<br>**(Round I)** | अब शिक्षक कक्षा के बच्चों को दो अलग-अलग circle में खड़े करें और दोनों circle में से एक-एक बच्चे को बाहर बुलाकर सबके सामने बताएं<br>Suman and Radha<br>अब किसी दूसरे बच्चे को सामने बुलाकर उसे दोनों circle में से 1-1 बच्चे को बाहर बुलाकर उनके name कहें -<br>Example :- Ranjana and Himanshi<br>Hemant and Kishan<br><br>**Instruction for the teacher :-**<br>(i) इस activity में उन बच्चों को chance दें जिन्होंने पिछली activity में भाग नहीं लिया था।<br>(ii) Simple instructions English में ही देने का प्रयास करें। |
| **(Round II)** | अब शिक्षक बच्चों को किसी भी दो जानवरों अथवा फलों अथवा सब्जियों को and की सहायता से बोलने को कहें। बच्चों को बारी-बारी अपने मन से इस activity को करने को कहें। |

| | |
|---|---|
| | जैसे - Dog and sparrow<br>**Note :-**<br>(i) जो बच्चे participate नहीं कर पाए उनको मौका दें।<br>(ii) प्रस्तावित गतिविधियों को क्रम में या संदर्भानुसार बदला जा सकता है। |
| **Sum up** | अतः इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चे and का use अच्छे से कर सकेंगे। |
| **DAY 3 (40 Min.)**<br>(Vocabulary) | |
| **Preparation for the activity** | Rhyming words:<br>Flash cards & drawing sheets |
| **Activity - 1**<br>**Step – I** | **Bright, sight, wonderful, nature, picture, call, helpful, fight, fall, creature, all, small, joyful, playful, beautiful, right.**<br><br>ऊपर दिए गए शब्दों को cards में लिखे और चार अलग-अलग टेबल पर चार शब्द रख दें -<br><br>Colourful - ☐ ☐ ☐ ☐<br>Future - ☐ ☐ ☐ ☐<br>Sma - ☐ ☐ ☐ ☐<br>Lig - ☐ ☐ ☐ ☐<br><br>शिक्षक कक्षा की दर्ज संख्या का अनुसार 5-6 बच्चों का ग्रुप बनाएं अब प्रत्येक group को एक table दिया जाएगा जिसमें एक word card रखा होगा। प्रत्येक समूह के बच्चों को शिक्षक के बड़े table के flash cards में से अपने table के word का rhyming word चुनकर लाना होगा। एक बच्चा |

| | |
|---|---|
| | सिर्फ एक ही card लाएगा। बाकी बच्चे table के rhyming word का मिलान करेंगे कि words सही है अथवा नहीं। इसी प्रकार दूसरा word लेने कोई दूसरा बच्चा जाएगा। इस प्रकार गतिविधि को आगे बढ़ाएंगे।<br>**Instruction for teacher :-**<br>(i) शिक्षक बच्चों के level के अनुसार और भी words के cards add कर सकते हैं।<br>(ii) यदि बच्चे card सही नही चुन पा रहे है तो उनके समूह के अन्य बच्चे, अन्य समूह के बच्चे अथवा शिक्षक उनके सहायता कर सकते है। |
| **Step – II**<br>**(Activity 2)** | **Odd one out**<br>शिक्षक black board में लिखें -<br><br><br>अब बच्चों को समझाते हुए पूछें कि इसमें से कौन सा word bright से related नहीं है। वही odd है। उस शब्द के सामने X (cross) का निशान लगाना है। इसी तरह नीचे दिए शब्दों के लिए भी जो अलग है उस शब्द के सामने 'X' लगा दें।<br><br> |

| | |
|---|---|
| | **Instruction :-**<br>यह activity भी पिछली बनाई हुई group के साथ continue करें। |
| **(Activity 3)** | **Whispering Game:**<br>शिक्षक बच्चों को कक्षा की दर्ज संख्या का अनुसार circle में बैठने को कहेंगे फिर उसके कान में एक simple sentece (lesson से related शब्द को लेकर कहें )<br>जैसे - Sun is bright<br>अब वह बच्चा अगले बच्चे के कान में कहेगा ऐसा करते हुए circle का अंतिम बच्चा फिर teacher बताएंगे की उनका sentence origianl sentence से match कर रहा है या नहीं/अब यह activity बच्चे स्वयं करेंगे।<br>Rule -<br>Sentence में bright, beautiful, wonderful, small, creatures से ही sentence कहे जाएंगे।<br>कुछ sentences उदाहरण के तौर पर लिख दें।<br>**Note to the teacher :-**<br>1. सभी गतिविधियाँ learning outcomes पर आधारित हैं।<br>2. प्रस्तावित गतिविधियों को क्रम में या संदर्भानुसार बदला जा सकता है।<br>3. गतिविधि कवते समय बच्चों को बोलने के लिए प्रोत्साहित करें एवं दिक्कत आने पर help करें।<br>4. उपरोक्त गतिविधियों को समय एवं विद्यार्थियों के सिखने के आधार पर गति देते हुए सम्पन्न कराया जाएं। |
| **Sumup** | इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में शब्दों की समझ स्थापित करने के साथ ही साथ, simple sentences बेहिचक बोल सकेंगे एवं उन्हें English का exposure भी मिलेगा। |

## Lesson - 06

## THE WEEK

**Standard Class Strength:- 30**

**Class Duration: -40 minutes**


**Expected days to complete the lesson:- 3 days.**

<table>
<tr><td colspan="2">Code of Learning Outcomes that could be addressed</td><td>LE301, LE307, LE308, LE314</td></tr>
<tr><td colspan="3">Teaching Procedure</td></tr>
<tr><td>Objective</td><td colspan="2">1. Poem को सही pronunciation के साथ recite कर सकेंगे।<br>2. Week days name. English में जानेंगे।<br>3. Week days name को correct sequence में arrange करना सीखेंगे।<br>4. First day, last day, before, after का week days name के साथ use करना सीखेंगे।<br>5. अपने daily life में week days name in English उपयोग करना सीखेंगे।</td></tr>
<tr><td>Introduction</td><td colspan="2">With a small story.<br>(Teacher अपनी classroom के किसी एक student (boy/girl) के नाम पर story सुनाते हुए पाठ की शुरुआत कर सकते है) जैसे-<br>Story:-<br>राजू good boy था। वह everyday school जाया करता था। one (morning) day वह school जाने को ready हो गया। उसने पूरा uniform पहना और school bag लेकर घर से निकलने लगा तब उसकी बड़ी sister ने कहा, अरे राजू आप आज क्यों school जा रहे हो आज तो</td></tr>
</table>


| | |
|---|---|
| | छुट्टी है। आज कौन सा day है भूल गए? आज के दिन तो हमेशा हमारी छुट्टी ही रहती है। आज के दिन हम school नहीं जाते हैं। राजू ने कहा :- अरे! हाँ दीदी मैं तो भूल ही गया था कि आज तो छुट्टी वाला दिन यानी की .................... है।<br>Teacher students से पूछेंगे, राजू ने उस दिन का क्या नाम बताया होगा? जिस दिन हम सबकी छुट्टी होती है फिर teacher पूछेंगे कि उस दिन का English name क्या होगा? (इसके लिए teachers कुछ examples देंगे जैसे गेंद का English name ball, बिल्ली का cat और कुत्ते का name dog होता है) इसी तरह रविवार को English में Sunday कहते हैं। इसी प्रकार week के पूरे 7 days के name हम English में जानेंगे। |
| **DAY 1 (40 min.)**<br>(Listening skill) | |
| **Activity – 1** | **Recitation of poem given in the text book.** |
| **Preparation for the activity** | 1. Making sentence strips of the poem in 3-4 sets.<br>[Sunday is a holiday.]<br>2. Making word cards in 3-4 sets. Words from poem.<br>[Sunday] [is] [a] [holiday]<br>(Note: For above preparation we may use drawing sheets or blank papers) |
| **Step – I** | A. Teacher, सुविधानुसार कक्षा में students का 3-4 group बनाएंगे और एक circle में बैठाएंगे। |

| | |
|---|---|
| | B. Teacher poem को correct pronunciation के साथ recite करेंगे जिसे students दोहराएंगे। (Teacher सुविधानुसार poem, black board पर लिख सकते हैं) |
| **Step – II** | A. Teacher बनाये हुए sentence strips और word cards के एक-एक sets सभी groups को बांट दें।<br>B. अब सभी groups के students अपने पास रखी हुई sentence strips को black board में या text book में लिखी हुई poem के sequence में जमाएंगे और साथ ही साथ sentence को पढ़ेंगे। (Students द्वारा सही उच्चारण न कर पाने की स्थिति में शिक्षक उनकी मदद करेंगे)<br>Sunday is a holiday.<br>Monday begins the week.<br>Tuesday and Wednesday.<br>It's the lovely Saturday |
| **Step – III** | अब यही activity students word cards के साथ करेंगे।<br>Sunday \| is \| a \| holiday<br>It's \| the \| lovely \| Saturday<br>**Note to the teacher:-**<br>1. Activity के लिए आवश्यक preparation कक्षा पूर्व कर लेवें। |

| | |
|---|---|
| | 2. उपरोक्त गतिविधि में सभी students की भागीदारी सुनिश्चित करें।<br>3. Students को English के short sentences में ही instructions दें।<br>4. उपरोक्त गतिविधि समय एवं विद्यार्थियों के सीखने के आधार पर संपन्न कराया जाए व आवश्यकतानुसार पुनरावृति की जा सकती है।<br>5. Teachers activity के दौरान English words के साथ home language को use करें। अगले दिन की activity के पूर्व, पिछले दिवस की activity का संक्षिप्त repetition करें। |
| **Sum up** | 1. सभी गतिविधियाँ learning outcome पर आधारित हैं।<br>2. Poem को पढ़ते व लय के साथ बोल पाते है व दिनों के नाम सीख जाते है। |
| **DAY 2 (40 Min.)<br>(Reading Skill)** | |
| **Activity – 2** | **Picture puzzle and word formation** |
| **Preparation for the activity** | 1. Teachers, drawing sheet या blank paper पर कोई simple picture draw करेगें। अब उसे 7 equal parts में काटकर strips बना लेंगे। picture के साथ ही strips में क्रमशः week days name लिखेंगे। |

| | |
|---|---|
| | <br>2. Teachers, week days name वाले 3-4 sets के word cards बनाएंगे।<br><br>SUNDAY   MONDAY |
| **Step I** | 1. Teacher students को 3-4 groups में बैठाएंगे।<br>2. सभी groups को एक-एक sets picture puzzle strips देंगे।<br>3. उन्हें picture puzzle पूरा करने कहेंगे।<br>4. अब उनसे questions पूछते जाएंगे कि सबसे पहले (first) कौन सा day आया है। फिर क्रमशः days कौन-कौन से हैं पूछते जाएंगे। |
| **Step II** | A. Students को सामने बुलाकर क्रमशः word card देकर खड़े करेंगे। MONDAY   SUNDAY<br>B. जिस student ने जो card पकड़ा है उसका वही नाम होगा।<br>C. अब बाकी students से पूछते जाना है कि सबसे पहले यानी first में कौन खड़ा है?<br>बच्चे answer देंगे SUNDAY.<br>जो बच्चा Sunday बना है अब उसे अपने बारे में बोलना होगा।<br>I am Sunday. I come first.<br>D. Sunday के बाद यानी after कौन खड़ा है? |

<table>
<tr><td></td><td>Monday............... I am Monday. I come after Sunday.<br>Note to the teacher :-<br>1. Teacher word cards बनाते समय capital letters के साथ small letters कर सकते हैं।<br>2. आवश्यकतानुसार गतिविधियों की पुनरावृति कर सकते हैं।</td></tr>
<tr><td>Sum up</td><td>सप्ताह के दिनों के नामों को क्रम में जमाते हुए बोल कर बता पाते है।</td></tr>
<tr><td colspan="2">DAY 3 (40 Min.)<br>(Vocabulary)</td></tr>
<tr><td>Activity - 3</td><td>Vocab game for week days name spelling.</td></tr>
<tr><td>Preparation for the activity</td><td>1. Teachers flash cards बनाएंगे small & capital letters वाले 3-4 sets में।<br>2. Flash cards में सप्ताह के दिनों के नाम लिखे होंगे।</td></tr>
<tr><td>Step – I</td><td>Teacher poem को recite करेंगे correct pause के साथ एवं students दोहराएंगे।<br>(Teacher poem को black board पर लिख सकते हैं।)
<table>
<tr><td>S U N Day</td><td>sunday</td><td>says</td><td>रविवार</td></tr>
<tr><td>M O N Day</td><td>monday</td><td>says</td><td>सोमवार</td></tr>
<tr><td>T U E S Day</td><td>tuesday</td><td>says</td><td>मंगलवार</td></tr>
<tr><td>W E D N E S Day</td><td>wednesday</td><td>says</td><td>बुधवार</td></tr>
<tr><td>T H U R S Day</td><td>thursday</td><td>says</td><td>गुरुवार</td></tr>
<tr><td>F R I Day</td><td>friday</td><td>says</td><td>शुक्रवार</td></tr>
<tr><td>S A T U R Day</td><td>saturday</td><td>says</td><td>शनिवार</td></tr>
</table></td></tr>
</table>

| | |
|---|---|
| **Step – II** | A. Teacher पिछली गतिविधियों के अनुसार ही students को group में बैठाएंगे।<br>B. Groups के students को 1-1 set flash cards देंगे।<br>C. Flash cards को मिलाकर spelling बनाने कहेंगे।<br><br><br>**Note to the teacher :-**<br>1. Teacher द्वारा सामान्य English word use किये जाएं, ताकि students को words के exposure मिल सके।<br>2. Activity के दौरान सामान्य निर्देश English में देने का प्रयास करें (Ex. come here, stand up, sit down etc.)<br>3. आवश्यकतानुसार गतिविधि की पुनरावृति कर सकते हैं। |
| **Sumup** | बच्चे दिनों के नाम जानते है एवं अंग्रेजी में उपयोग कर लेते है। |
| **शिक्षक के लिए विशेष सुझाव-** | 1. Teachers आवश्यकतानुसार सुझाई गई गतिविधियों का sequevence change कर सकते हैं।<br>2. शिक्षक activity कराते समय student की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए समूह बनाएँ।<br>3. Teachers target words को daily life में use करने हेतु प्रोत्साहित करें।<br>4. कक्षा में कराई जाने वाली गतिविधियों के दौरान teachers मानवीय संवेदनाओं व gender diversity का विशेष ध्यान रखें।<br>5. Activities से हमने जाना कि - |

| | |
|---|---|
| | सप्ताह के नाम को English में क्या कहते है। इन सबका उपयोग अपने daily life में करते रहना चाहिए, साथ ही अपने बातचीत में English words का उपयोग करें। |

## Lesson - 07

## IN THE YEAR


**Standard Class Strength:- 30**

**Class Duration: - 40 minutes**

**Expected days to complete the lesson:- 4 days.**

| | |
|---|---|
| **Code of Learning Outcomes that could be addressed** | **LE301, LE308, LE314** |
| **Teaching Procedure** | |
| **Objective** | • विद्यार्थी लय-ताल के साथ कविता सुना पाएंगे।<br>• विद्यार्थी छोटे वाक्यों में Noun, verb आदि का उपयोग कर पाएंगे।<br>• विद्यार्थी गणित की संख्या 1 से 31 के ज्ञान का उपयोग कर पाएंगे। |
| **Introduction** | विद्यार्थी महीनों के नाम जानते है। शिक्षक उनसे वर्तमान माह एवं अन्य महीनों के नाम पूछकर चर्चा प्रारंभ कर सकते हैं। जैसे- शाला में मनाएं जाने वाले त्योहारों (26 जनवरी, 15 अगस्त, शिक्षक दिवस आदि) के विषय में चर्चा करते हुए महीनों के नामों की शुरुआत की जा सकती हैं। |
| **Preparation for the activity** | Flash cards with names of the months, Preparation for बिल्लस (Billas) game, Chart paper with names of months in boxes. |
| **DAY 1 (40 min.)**<br>(Listening skill) | |
| **Step – I** | **Activity -1 Teaching names of months**<br>शिक्षक विद्यार्थियों से सामान्य चर्चा करेंगे कि अभी कौन सा महिना चल रहा है, इससे पहले कौन सा माह था, इसके बाद कौन सा माह आएगा आदि। उसके पश्चात् शिक्षक flash cards दिखाकर January, February आदि महीनों के नाम विद्यार्थियों को सिखाएंगे। |

| | |
|---|---|
| **Step – II** | **Activity –2 Telling the names sequentially**<br>शिक्षक विद्यार्थियों को एक-एक कार्ड उठाने के लिए कहेंगे जिस पर एक—एक महीने के नाम लिखे होंगे। उनको निर्देशित करेंगे कि जनवरी से दिसम्बर तक लाइन से खड़े रहना है।<br>पहले विद्यार्थी को जिस महीने का कार्ड मिले, उदाहरण के लिए मार्च, तो वो एक स्थान पर खड़ा हो जाएगा। उसके पश्चात् विद्यार्थी एक-एक करके card उठायेंगे और जनवरी, फरवरी वाले उस विद्यार्थी के आगे तथा बाकी महीने वाले पीछे खड़े रहेंगे। पूरे 12 महीने के card लेकर विद्यार्थी एक लाइन में खड़े रहेंगे। उसके पश्चात् क्रमानुसार जनवरी से दिसम्बर तक अपने-अपने card में प्रदर्शित नाम को पढेंगे। |
| **Step – III** | **Activity – 3 Revising names sequentially**<br>शिक्षक सारे महीनों के card कक्षा में अलग-अलग स्थानों पर रखेंगे। एक-एक करके विद्यार्थियों को बुलाएँगे और क्रम से जनवरी से दिसम्बर तक एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने के लिए कहेंगे। विद्यार्थी जिस महीने के स्थान पर पहुचेंगे, जैसे– मई, तो वे नाम पढ़कर बताएँगे।<br>**Homework**<br>Exercise I and III को कॉपी में करके लाने के लिए कहें।<br>**Note to the teacher**<br>• कविता में दी गई अवधारणा गणित विषय से सम्बंधित है अत: कविता सीखने से पहले गणित की अवधारणाएँ सीखना आवश्यक है।<br>• कविता में केवल 5 ही महीनों के नाम दिए है परन्तु विद्यार्थियों को सारे महीनों के नाम जानना आवश्यक है।<br>• कविता सीखने से पहले उन्हें संख्याओं का ज्ञान होना भी आवश्यक है। |

| | |
|---|---|
| **Sum up** | शिक्षक विद्यार्थियों को सारे महीनों के नाम सिखाएंगे जिन्हें कविता सिखाने से पहले जानना आवश्यक है। अतः शिक्षक पहले दिन केवल महीनों के नाम ही सिखाएंगे।<br>उपरोक्त गतिविधियों में सभी महिनों के नाम से परिचय मिला, अब आगे की कक्षाओं में महिनों के नाम व उनके दिवसों की संख्या (No of days) को जानेंगे। |
| **DAY 2 (40 Min.)**<br>**(Reading Skill)** | |
| **Step I** | **Activity –1 Checking Homework**<br>शिक्षक गृहकार्य की जांच करें और कुछ विद्यार्थियों को जोर से महीनों के नाम पढ़ने के लिए कहें। |
| **Step II** | **Activity- 2 Revising Counting**<br>शिक्षक 1 से 31 तक की गिनती का अभ्यास करवाएँ। पाठ 4 Hello Hello में 12 तक किया था उसे पूछकर बाकी का अभ्यास करवाएँ – विशेष रूप से 28 से 31 तक।<br><br>**Activity- 3 Revising names of months using knuckles**<br>शिक्षक विद्यार्थियों को पोर के माध्यम से अपने दोनों हाथों को मुट्ठी बनाते हुए पारंपरिक रूप से दिनों की संख्या ज्ञात करने का एक प्रकार समझाएँ कि कौन से महीने में 30 दिन होते है एवं कौन से महीने में 31 दिन।<br><br> |

| | |
|---|---|
| **Step III** | **Activity- 4 Reciting Poem**<br>अब शिक्षक निम्नानुसार कविता को 3-4 बार विद्यार्थियों को सुनाएँ एवं उनसे दोहराने के लिए कहें।<br>Thirty days have September<br>April, June and November<br>All the rest have thirty one,<br>Except February alone,<br>Which has twenty-eight days clear,<br>And twenty-nine in a leap year.<br>**Homework**<br>Exercise II को कॉपी में करके लाने के लिए कहें।<br>**Note to the teacher**<br>शिक्षक यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक विद्यार्थी को महीने के नाम तथा कौन से महीने में कितने दिन होते हैं यह अच्छी तरह से समझ गया है। |
| **Sum up** | महीने में कितने दिन होते हैं इसे पोर के माध्यम से सिखाना बहुत पुरानी एवं उपयोगी पद्धति है तथा इस प्रकार सीखा हुआ ज्ञान स्थायी होता है। कविता में जो अवधारणा बताई गई है उसे वे स्वयं करके जांचे एवं अपनी समझ पुख्ता करें। |
| **DAY 3 (40 Min.)**<br>(Vocabulary) | |
| **Step – I** | **Activity -1 Checking Homework**<br>शिक्षक गृहकार्य की जांच करें और कुछ विद्यार्थियों से कहें कि कौनसे महीने में कितने दिन होते हैं ये बताएं।<br><br>**Activity -2 Revising Poem** |

<table>
<tr><td></td><td>शिक्षक विद्यार्थियों से पूछें कि उन्हें कविता याद है क्या? यदि किसी विद्यार्थी को याद हो तो उसे सुनाने के लिए कहें। बाद में शिक्षक पुनः कविता सुनाएं और सारे विद्यार्थियों को दोहराने के लिए कहें।</td></tr>
<tr><td>Step – II</td><td>Activity -3 One step forward, One step backward<br><br>विद्यार्थियों को गोल घेरे में खड़ा कर दें। शिक्षक द्वारा बारी-बारी से महीनों के नाम कहे जाएंगे जैसे मई] नवम्बर आदि। जिस महीने मे 30 दिन है उस महीने के नाम पर एक कदम आगे बढ़ाएं। जिस महीने में 31 दिन हैं उस महीने के नाम पर एक कदम पीछे हट जाएं। जिस महीने में 28 या 29 दिन हैं उस महीने के नाम पर अपने स्थान पर ही खड़े रहें।</td></tr>
<tr><td>Step – III</td><td>Activity -4 Billas<br>शिक्षक बिल्लस खेल खिलाने के लिए निम्नानुसार आकृति जमीन पर बनाएंगे। विद्यार्थी एक पैर महीने के नाम पर रखेंगे और दूसरा पैर दिनों की संख्या पर रखेंगे।
<table>
<tr><td>28 or 29</td><td>December</td><td>30</td><td>31</td></tr>
<tr><td>28 or 29</td><td>November</td><td>30</td><td>31</td></tr>
<tr><td>28 or 29</td><td>October</td><td>30</td><td>31</td></tr>
<tr><td>28 or 29</td><td>September</td><td>30</td><td>31</td></tr>
<tr><td>28 or 29</td><td>August</td><td>30</td><td>31</td></tr>
<tr><td>28 or 29</td><td>July</td><td>30</td><td>31</td></tr>
<tr><td>28 or 29</td><td>June</td><td>30</td><td>31</td></tr>
<tr><td>28 or 29</td><td>May</td><td>30</td><td>31</td></tr>
<tr><td>28 or 29</td><td>April</td><td>30</td><td>31</td></tr>
<tr><td>28 or 29</td><td>March</td><td>30</td><td>31</td></tr>
</table></td></tr>
</table>

<table>
<tr><td></td><td>
<table>
<tr><td>28 or 29</td><td>February</td><td>30</td><td>31</td></tr>
<tr><td>28 or 29</td><td>January</td><td>30</td><td>31</td></tr>
</table>
</td></tr>
<tr><td>Homework</td><td>Exercise IV को कॉपी में करके लाने के लिए कहें।</td></tr>
<tr><td>Note to the teacher</td><td>शिक्षक विद्यार्थियों को अगले दिन घर से एक पुराना calender लाने के लिए कहेंगे।</td></tr>
<tr><td>Sumup</td><td>विद्यार्थी विभन्न गतिविधियों के माध्यम से सारे महीनों के नाम याद कर पाएंगे तथा कौन से महीने में कितने दिन होते है यह भी समझ पाएंगे।</td></tr>
<tr><td colspan="2">DAY 4 (40 Min.)<br>(Vocabulary)</td></tr>
<tr><td>Step - I</td><td>Activity -1 Checking Homework<br>शिक्षक गृहकार्य की जांच करें। तब तक विद्यार्थियों को कैलेण्डर को समझने का प्रयास करने के लिए कहें।</td></tr>
<tr><td>Step - II</td><td>Activity -2 Studying a month of calendar<br>शिक्षक विद्यार्थियों को कैलेण्डर के माध्यम से महीने में कितने दिन हैं, कितने सोमवार, मंगलवार आदि हैं ये सब समझाएं। पुस्तक में दी हुई गतिविधि करवाकर उनके द्वारा घर से लाए गए कैलेण्डर का अध्ययन करने के लिए कहें। तथा उनसे उससे संबंधित प्रश्न पूछें।<br>शिक्षक विद्यार्थियों को कैलेण्डर से संबंधित छोटे वाक्य बोलने के लिए प्रोत्साहित करें। जैसे -<br>There are 31 days in January.<br>There are 4 Sundays in February.</td></tr>
</table>

**Step - III**

**Activity -3 Writing one's name in the month in which one's birthday occurs**

शिक्षक 2-3 विद्यार्थियों को चार्ट पेपर पर निम्नानुसार चार्ट बनाने के लिए कहेंगे। इसे स्केच पेन द्वारा सजाया भी जा सकता है। सभी विद्यार्थियों से कहेंगे कि जिसका जन्मदिन जिस महीने में आता है वे उस महीने में अपना नाम लिखेंगे जैसे रीता का जन्मदिन अप्रैल में आता है तो वो अप्रैल महीने में अपना नाम लिखेगी या अजय का जन्मदिन अगस्त में आता है तो वह अगस्त में अपना नाम लिखेगा।

उक्त महिने का No. of days भी लिखने को कहें।

**Our Birthdays**

| **January** | **February** | **March** |
|---|---|---|
| **April**<br>***Rita*** | May | June |
| **July** | August<br>*Ajay* | September |
| **October** | November | December |

**Note to the teacher**

शिक्षक सभी विद्यार्थियों को गतिविधि करवाते समय सम्मिलित करें। आवश्यकतानुसार जोड़ी बनाकर या समूह बनाकर आपस में एक-दूसरे से सीखने के लिए प्रेरित करें।

| | |
|---|---|
| **Sumup** | इस तरह इस पाठ के माध्यम से विद्यार्थी अंग्रेजी महीनों के नाम तथा कौनसे महीने में कितने दिन होते हैं यह सीख पाएंगे। साथ ही अपने ज्ञान का उपयोग दैनिक जीवन में कर पाएंगे। |

# Lesson - 08


## PART OF THE BODY

**Standard Class Strength:- 30**

**Class Duration: - 40 minutes**

**Expected days to complete the lesson:- 2 days.**

| | |
|---|---|
| **Code of Learning Outcomes that could be addressed** | **LE301, LE304, LE305, LE308** |
| **Teaching Procedure** | |
| **Objective** | 1. छात्र शब्दों का उचित उच्चारण सीख पाएंगे।<br>2. अर्थपूर्ण वाक्य का प्रयोग कर पाएंगे।<br>3. Printed script एवं शब्दों, चित्रों को मैच कर पाएंगे।<br>4. छोटे-छोटे वाक्यों में अपनी बात कह पाएंगे।<br>5. नई vocabulary (शब्द) सीख पाएंगे।<br>6. Posters, chart, flash card के शब्दों, चित्रों का समन्वय एवं उपयोग कर पाएंगे। |
| **Introduction** | शिक्षक एक quiz कर सकता है।<br>(i) Which body parts helps you run?<br>(ii) Which body part helps you watch/see?<br>(iii) Which body part helps you hold anything?<br>शिक्षक ऐसे और प्रश्न तैयार कर Bilingual उनके प्रश्न पूछ विषय प्रस्तावित कर सकता है। |
| **Preparation for the activity** | Body parts से सम्बंधित चित्र, flash card एवं posters तैयार करना। Activity को क्रमानुसार तैयार करना। |
| **DAY 1 (40 min.)**<br>(Listening skill) | |
| **Activity (1)**<br>**Step – I** | **Recitation of poem:** |

| | |
|---|---|
| | शिक्षक कविता को लय-ताल एवं हावभाव के साथ recite करेंगे। विद्यार्थी उसे दोहराएँगे। Eyes, ears आदि body parts को छूने से विद्यार्थी उनके अंग्रेजी नामों से परिचित हो पाएंगे। |
| **Step – II**<br>**Activity (2)** | शिक्षक विद्यार्थियों को poem recite करने के लिए कहेंगे।<br>Touch your body part:<br>**Round 1-**<br>शिक्षक body parts के नाम बोलेंगे जैसे- Nose, lips आदि। विद्यार्थी उसे छूकर दिखाएँगे।<br>**Round 2-**<br>शिक्षक अपने eyes, ears, nose etc को छूकर विद्यार्थियों से उनके नाम पूछेंगे। |
| **DAY 2 (40 Min.)**<br>**(Reading Skill)** | |
| **Step I** | **Activity-** Instruction match the words with pictures<br>Eye, head, mouth, throat, hand, leg, arm, nose, ear<br>Picture in flash cards<br>Flash card words<br><br>➢ शिक्षक flash card में शब्दों को लिखकर तैयार रखेगा वैसे ही उन शब्दों से सम्बंधित चित्र दूसरे flash card में रहेंगे।<br>➢ ग्रुप बनाकर एक-एक कर छात्र word show करेंगे, दूसरा ग्रुप चित्र मिलायेगा। |

**Variation:** चित्रों को अतिरिक्त दूसरे flash cards के action words जो उस parts से सम्बंधित हो उसे रखा जा सकता है।

जैसे – NOSE – SMELLINGS

MOUTH – EATING

EYES – SEEING

**Activity- Game flyswatter (मक्खी मार)**



Black board में कुछ body parts के नाम लिख दीजिये। अब दो विद्यार्थियों को आगे बुलाकर उन्हें एक-एक flyswatter देना है। शिक्षक कुछ Hint देंगे (जैसे- जिसमे हम smell करते है) बच्चे body part का नाम guess करेंगे। दोनों में से जिस बच्चे ने सही body part के जगह पर flyswatter से stroke किया उसे point मिलेगा, इसी प्रकार दो-दो छात्र बारी-बारी से खेल खेल सकेंगे।

**Simon Says:**




यहाँ शिक्षक बच्चों के साथ यह खेल खेलेगा। इसमें शिक्षक कहेगा Simon say to touch your nose, students जल्दी से ये करेंगे।

यदि आप केवल Touch your nose कहेंगे और कोई touch कर दे तो वह out हो जाएगा। यह गतिविधि तेजी से करना है बच्चे बहुत मजा लेंगे।

**Variation:** यहाँ body parts और उनसे सम्बंधित action words को भी जोड़ा जा सकता है।

**Ex.** Simon says to walk on your foot.

टीप: शिक्षक body parts words को दुहराकर spelling जरूर बताएँ।

<table>
<tr><td>Step II</td><td>
Activity -<br>
शिक्षक बच्चों से कुछ ऐसे action करने कहेंगे।<br>
(i) Touch your nose.<br>
(ii) Touch your eye.<br>
(iii) Touch your toe.<br>
यह गतिविधि सभी बच्चों से करावें।
</td></tr>
<tr><td>Step III</td><td>
<u>BOARD GAME</u><br><br>
इस board game को DICE से खेला जा सकता है 4-4 के समूह में जिस ब्लॉक में dice आएगा उस शब्द को पढ़ना या चित्र का अंग्रेजी नाम बताना है।<br>
टीप: Teacher आवश्यकता अनुसार board game बना सकते हैं।<br><br>
<table>
<tr><td>START</td><td></td><td>TEETH</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>CHEEKS</td><td></td><td>GO BACK TWO STEPS</td><td></td><td>CHI N</td></tr>
<tr><td>HANDS</td><td>LI PS</td><td></td><td></td><td>END</td></tr>
</table>
</td></tr>
<tr><td>Sum up</td><td>
कविता व गतिविधि के माध्यम से बच्चे parts of body name मातृभाषा से english में सीख जाते है।
</td></tr>
</table>

## Lesson - 09

## DOING THINGS

**Standard Class Strength:- 30**

**Class Duration: - 40 minutes**

**Expected days to complete the lesson:- 4 days.**

| | |
|---|---|
| **Code of Learning Outcomes that could be addressed** | **LE303, LE304, LE305, LE308** |
| **Teaching Procedure** | |
| **Objective** | 1. विद्यार्थी, शब्दों को सही उच्चारण के साथ पढ़ सकेंगे।<br>2. पाठ में आए विभिन्न action words के अर्थ को हावभाव के साथ समझेंगे।<br>3. इन action words को अँग्रेजी के छोटे-छोटे sentences में दैनिक बोलचाल में उपयोग करना सीखेंगे।<br>4. Action words के अर्थ को अपनी भाषा mother tongue से अँग्रेजी भाषा में समझकर उपयोग करना सीखेंगे। |
| **Introduction** | यह chapter हर किसी के daily routine से जुड़ा हुआ है जिनहे अँग्रेजी के words से इन action words को बच्चों को अवगत कराना है। बच्चे हिन्दी मे क्रियाओं की अवधारणा से पूर्व परिचित है बस उन्हे हिन्दी मे सीखे हुए क्रियाओं को अँग्रेजी मे क्या कहते है, को उपयोग करते हुए सीखना है, इस तरह से चर्चा की शुरुआत की जा सकती है। |
| **Preparation for the activity** | Poem Poster, Drawing sheets, flash cards, Bowl, small box. |
| **DAY 1 (40 min.)**<br>(Listening skill) | |

**Activity (1)**

**Daily routine:**

**Description of the activity**

Lesson शुरू करते समय शिक्षक बच्चों से discuss कर उनके daily life/routine में सुबह से शाम तक वे क्या-क्या काम करते है,के दिनभर की गतिविधियों के बारे में चर्चा करें। Blackboard पर किसी corner में इन समस्त क्रियाओं की एक सूची बना लिए जाय, इन सभी action words को कक्षा मे की जाने वाली गतिविधियों से जोड़कर उन्हे उनके अनुभवों से जोड़कर बताया जा सकता है।

**उदाहरण; -**

सुबह 6 बजे उठते है, 7 बजे नहाते है, 8 से 9 बजे तक पढ़ते है, फिर खाना खाते है, स्कूल जाते है, 4 बजे स्कूल से वापस आते है, शाम में 5 बजे खेलते है, 6 बजे पढ़ने बैठते हैं, 8 बजे खाना खाते है, 10 बजे सो जाते है।

उक्त बातों में क्या-क्या कार्य किया गया है उसे underline कर इनकी सूची बना लें।

| | | |
|---|---|---|
| उठना ………… | नहाना ………… | पढ़ना ………… |
| खाना ………… | जाना ………… | खेलना ………… |

इन्ही सब कार्यों को हम क्रिया verbs कहते है जिसमें action दिखाई पढ़ता है जिसके बारे में इस lesson में चर्चा की जा रही है जिनके अँग्रेजी नाम एवं इन्हे उपयोग करते हुए आगे सीखेंगे।

शिक्षक इन सभी क्रियाओं के सामने उनके अँग्रेजी शब्दों को लिखेंगे (बच्चों को भी पूछ लें क्योंकि बहुत से शब्द उनको पता भी हो )

| | | |
|---|---|---|
| उठना getup | नहाना take bath | पढ़ना read |
| खाना eat | जाना go | खेलना play |

यही वे सब क्रियाएँ है जिन्हे हम daily routine में अलग-अलग समय मे करते है।

<table>
<tr><th colspan="2">DAY 2 (40 Min.)<br>(Reading Skill)</th></tr>
<tr><td>Activity (2)<br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br>Activity (3)</td><td>Identify the action<br>शिक्षक बच्चों के सामने कुछ action/acting या movement करें या करते हुए उनके बारे में पुछें। जैसे-<br>1. कोई वस्तु को फेंकने का action करना और पूछना मैंने क्या किया<br>संभावित उत्तर- आपने बॉल/पत्थर फेंका throw<br>2. नाचने का action — dance<br>3. कूदने का action — jump<br>4. Board पर लिखने का action — write<br>5. Car चलाने का action — car driving (drive)<br>इस तरह जीतने no. of actions उनके सामने करेंगे उतनी क्रियाएँ बच्चों को याद आएगी जिनके अँग्रेजी नामों से उन्हे परिचय कराया जा सकता है। शिक्षक उक्त नामों को सही उच्चारण के साथ बोलें एवं बच्चों से बोलवाएं।<br>सभी अँग्रेजी मे क्रियाओं के नामों को black board पर लिख दिया जाय<br>Instruction for the Teacher<br>● शिक्षक इस गतिविधि को conduct करते समय विद्यार्थियों को Instructions सरल एवं छोटे-छोटे English sentences मे दें। जैसे- identify my action, what am I doing, what did I do?<br>● बच्चों को यह chapter के complete होने तक प्रतिदिन इन वाक्यों को कहने/बोलने का अवसर दें।<br>Can you do?<br>पिछले दिवस की गतिविधि को revise कराएंगे।<br>शिक्षक बच्चों के सामने एक poem recite करें और बच्चों को दोहराने कहें।<br>I am jumping, can you jump with me?<br>Jump…jump…jump<br>I am running, can you run with me?<br>Run … run… run</td></tr>
</table>

| | |
|---|---|
| | I am singing, can you sing with me?<br>Sing.. sing …… sing……<br>इसी तरह poem में I am …………………… के साथ …<br>Sleeping, swimming, washing, sweeping etc…<br>आदि actions को जोड़ते हुए बच्चों को poem recite करते हुए कविता को आगे बढ़ाएँ, प्रत्येक verbs को board पर लिखें तथा recitation (गायन) के बाद बच्चों को उनका अर्थ भी बताएं।<br>**Instruction for the Teacher**<br>● कविता को एक बड़े पोस्टर में पहले से लिखकर कक्षा में उचित स्थान पर टांग दें।<br>● Poem recitation लयबद्ध एवं action के साथ करें।<br>● शुरुआत में शिक्षक action कर दिखाएँ बाद में बच्चों को स्वयं करने को कहें।<br>● आकलन के दृष्टिकोण से कविता का क्रम बदलकर recite करें ताकि बच्चे कितने verbs पर ध्यान दे पा रहें हैं, समझ पाएँ। |
| **Activity (4)** | पिछले गतिविधियों में, जितने भी verbs के बारे में discuss हुए उन सभी के तैयार किए हुए picture cards / flash cards को दीवार पर टंगे हुए पोस्टर का reference लेते हुए match and pair activity करवाएँ, चित्र एवं कार्ड का सही मिलान करना। इस गतिविधि को pair या group activity के माध्यम से किया जा सकता है।<br><br>**Instruction for the Teacher**<br>Teacher को एक अवलोकनकर्ता के रूप में गतिविधि मे भाग लेना है, जिसमें गतिविधि के दौरान बच्चों को किस तरह की कठिनाइयाँ हो रही है, के आधार पर next day के लिए प्लान किया जा सकता है। |

<table>
<tr><th colspan="2">DAY 3 (40 Min.)</th></tr>
<tr><td>Activity (5)</td><td>Guessing Game<br>अभी तक किए गए सारे verbs के picture flash cards को एकत्रित करे एक कोई छोटे box मे रख लें।<br>बारी-बारी से एक-एक विद्यार्थी का आकर उस box से एक flash card उठाने कहें और बिना कुछ बोले उसका अभिनय कर दिखने कहें।<br>बाकी बैठे हुए विद्यार्थी को किए जा रहे अभिनय या क्रिया को अनुमान लगाने कहें एवं उसका नाम English में बताने कहें।<br>इस गतिविधि को आगे बिना flash cards के भी खेला जा सकता है जिसमें कोई एक विद्यार्थी दूसरे विद्यार्थी के कान में उस क्रिया या action को करने कहें जिससे दूसरों को अनुमान लगाने का अवसर मिलेगा और उस क्रिया को पहचानेंगे।<br><br>Instruction for the Teacher<br><ul><li>सभी विद्यार्थियों को बारी-बारी से मौका देना है।</li><li>विद्यार्थियों को रोज नये-नये verbs खोज लाने के लिए प्रेरित करते रहें जिसमें स्कूल के text books एवं Library से कुछ पुस्तकों का उपयोग किया जा सकता है।</li></ul>इसी गतिविधि में एक variation लाकर वाक्य बोलने की practice में इसे किया जा सकता है। जो भी विद्यार्थी अभिनय करने आ रहे है उनका नाम लेते हुए वाक्य बनाकर action words guess करने कहा जाय।<br>जैसे: -<br>अगर साधना नाम की एक विद्यार्थी सामने आकार खेलने का अभिनय करती है तो बाकी विद्यार्थी कहेंगे …..<br>Sadhana is playing.<br>इसी तरह हर विद्यार्थी को अभिनय करने एवं अँग्रेजी में वाक्य कहने के मौके देने की जरूरत होगी।</td></tr>
</table>

| DAY 4 (40 Min.) | |
|---|---|
| **Activity (6)** | **Circle Statue Game**<br>इस गतिविधि मे विद्यार्थी हर बार एक बच्चा select होकर leader का role-play करेगा और बाकी सभी बच्चों को निर्देश (instruct) देगा।<br>"Circle -circle–circle–statue"<br>ये निर्देश सुनकर सभी बच्चे दूरी बनाकर अपने स्थान पर गोल घेरे में खड़े होकर घूमते रहेंगे और statue शब्द सुनते ही एक action words मे statue बन जाएंगे।<br>जैसे बच्चों द्वारा ---<br>● पानी पीने का action-<br>● हांथ धोने का action-<br>● रोने का action-<br>● दौड़ने का action -<br>Leader बारी-बारी से सभी statue के पास जाकर अनुमान लगाएंगे और English में उस action का नाम बताएँगे। साथ ही जो विद्यार्थी उस statue के साथ खड़े हैं, उसे वाक्य बनाकर कहेंगे। जैसे –<br>अमिता के द्वारा दौड़ने के action के लिए –<br>Action words का नाम – Run<br>वाक्य में उपयोग – Amita is running.<br>(विद्यार्थियों को अपने mother tongue का उपयोग करने की भी स्वतंत्रता है जिसे शिक्षकों की मदद से English words एवं sentences की तरफ लेकर आना होगा।)<br>इस तरह से विद्यार्थियों द्वारा किए गए सभी action words एवं छोटे-छोटे वाक्य में उपयोग करके बताने के बाद एक round complete होगा फिर इसी गतिविधि के लिए कोई दूसरा विद्यार्थी leader होगा और गतिविधि निरंतर जारी रहेगा। |

| | |
|---|---|
| | **Instruction for the Teacher**<br>शिक्षक को धैर्यपूर्वक अवलोकन करना है और कभी-कभी स्वयं को भी statue बनकर गतिविधि में शामिल होना है। कोशिश करें कि बच्चों को हर बार कोई नया शब्द (action words) सीखने को मिले।<br>गतिविधि के दौरान यदि कोई विद्यार्थी एक पारी में नहीं बोल पाया तो उसे बिना रोक-टोक के कोई hint देकर मदद करें और पूरे विद्यार्थी के शामिल होने के बाद उसे मौका देवें। |
| **Home Work** | • Lesson के पिछे दिये गए Exercise I एवं II, जो पेज नं 35 मे दिये गए है को हल कर लाने के लिए कहेंगे।<br>• अगले दिन उक्त home work को जांच कर विद्यार्थियों को आवश्यकतानुसार प्रतिपुष्टि (feed back) देवें। |
| **Sum up** | इस प्रकार पूरे गतिविधियों के माध्यम से ये तो समझ पाये की action words हमारे दैनिक जीवन से किस प्रकार जुड़े है जिसका उपयोग हम सामान्य बोलचाल में करते तो हैं ही किन्तु English के sentences में उपयोग कर इसे अपने लेखन और बोलचाल के अभ्यास मे भी लाया जा सकता है। इसे आगे के lesson में देखने से और स्पष्टता होगी। |

# Lesson - 10

## DEAR....DEAR

**Standard Class Strength:- 30**

**Class Duration: - 40 minutes**

**Expected days to complete the lesson:- 3 days.**

| Code of Learning Outcomes that could be addressed | LE303, LE304, LE305, LE308, LE309, LE311, LE313 |
|---|---|

| **Teaching Procedure** | |
|---|---|
| **Objective** | • विद्यार्थी पाठ पढ़ना सीख सकेंगे।<br>• विद्यार्थी पाठ का अर्थ समझ लेंगे।<br>• वे अपना मत प्रकट कर पाएंगे।<br>• वे Noun, pronoun, verb आदि parts of speech का उपयोग कर वाक्य बना पाएंगे।<br>• वे simple present tense और simple past tense के मध्य अंतर समझ पाएंगे।<br>• वे विराम चिह्नों का उपयोग कर पाएंगे। |
| **Introduction** | इस पाठ में एक बच्चा अमन, अपनी दादी को पत्र लिखकर अपनी दिनचर्या के बारे में बताता है। विद्यार्थी पूर्व में इससे संबंधित एक कविता Early in the morning सीख चुके हैं तथा दिनचर्या से संबंधित बहुत सी बातों को जानते हैं। इन्ही सब का संदर्भ लेते हुए आगे की बात रख सकते हैं। |
| **Preparation for the activity** | Flash cards with words like **brush**, **teeth**, **bath**, **cry**, **school** etc. |
| **DAY 1 (40 min.)**<br>(Listening skill) | |
| **Step I** | **Activity -1 Self-Introduction**<br>शिक्षक विद्यार्थियों को अपना परिचय देने के लिए कहेंगे जो वो पूर्व कक्षा में पढ़ चुके हैं। |

| | |
|---|---|
| | I am…………… (name).<br>I am a boy/girl.<br>सभी विद्यार्थी बारी-बारी से अपना परिचय देंगे। |
| **Step II** | **Activity – 2 Recitation of poem 'Early in the Morning**<br><br>शिक्षक पूर्व में पढ़ी हुई कविता को हाव-भाव के साथ सुनाएंगे एवं विद्यार्थी उसे दोहराएंगे।<br>This is the way we wash our face,<br>wash our face , wash our face<br>This is the way we wash our face<br>Early in the morning.<br>शिक्षक अन्य क्रियाओं जैसे brush our teeth, comb our hair, walk to school के साथ भी कविता दोहराएंगे। |
| **Step III** | **Activity – 3 Describing daily routine**<br><br>शिक्षक विद्यार्थियों से प्रश्न पूछेंगे कि What do you do in the morning?<br>उनको विभिन्न क्रियाओं से संबंधित उत्तर देने में सहायता करेंगे जैसे-<br>I wake up in the morning. I take bath. I drink milk etc.<br>सभी विद्यार्थी बारी-बारी से अपना daily routine बताएंगे।<br><br>**Activity – 4 Assigning Homework**<br>शिक्षक विद्यार्थियों को पाठ में आए कुछ शब्द निम्नानुसार तालिका में घर से लिखकर लाने के लिए कहेंगे।<br>Expected answers: for teacher only |

| 1- letter words | 2-letter words | 3-letter words |
|---|---|---|
| I, a | am, up, my,<br>go, to, in | boy, cry |

**Sumup**

पाठ को प्रारंभ करने से पूर्व विद्यार्थियों द्वारा पहले सीखी हुई बातों जैसे- self-introduction और daily routine के माध्यम से speaking skill का अभ्यास करवाया गया। (गृह कार्य के रूप में reading skill और उपरोक्त गतिविधियों में poem को recite करने एवं अपनी daily routine को English के छोटे-छोटे sentence में बोलने की कोशिश की गई, साथ ही lesson में 1, 2 एवं 3 letter वाले शब्दों की पहचान की गई। Reading skill एवं writing skill के लिए अभ्यास कराकर पाठ को समझने में मदद की गई। इस गतिविधियों को आगे की कक्षा में writing skill का अभ्यास हो जाएगा। इससे विद्यार्थियों को पाठ को पढ़ने और समझने में आसानी होगी।)

## DAY 2 (40 Min.)

## (Reading Skill)

**Step I**

**Activity–1 Checking Homework and Writing words on Blackboard**

| 1- letter words | 2-letter words | 3-letter words |
|---|---|---|
| I | am up in | cry, boy |
| a | my go to | |

शिक्षक विद्यार्थियों से पूछेंगे कि उन्होंने गृहकार्य किया है या नहीं। जिन्होंने नहीं किया है उन्हें कक्षा में बैठकर पूरा करने के लिए कहेंगे। जिन्होंने किया है उन्हें बुलाकर बोर्ड पर तालिका में एक-एक शब्द लिखने के लिए कहेंगे। इसके पश्चात् शिक्षक 4 अक्षरों वाले तथा उससे भी बड़े शब्दों को बोर्ड पर लिखेंगे एवं बच्चों की पढ़ने में सहायता करेंगे।

**Activity -2 Guess the word**

शिक्षक कुछ शब्दों के कार्ड बनाकर रखेंगे। एक-एक करके विद्यार्थी कार्ड उठाएंगे और अभिनय करेंगे। बाकी विद्यार्थी उस शब्द को पहचानेंगे।

| | |
|---|---|
| | उदाहरण के लिए यदि कार्ड में cry शब्द लिखा है तो कार्ड उठाने वाला विद्यार्थी उसे पढ़कर रोने का अभिनय करेगा। बाकी विद्यार्थी शब्द पहचानकर बोलेंगे- cry. |
| **Step II** | **Activity - 4 Reading aloud**<br>उसके पश्चात् एक-एक करके विद्यार्थियों को पाठ के एक या दो वाक्य पढ़ने के लिए कहेंगे।<br>एक बार पाठ पूरा हो जाने के पश्चात् शिक्षक उसी पाठ का एक-एक वाक्य विराम चिन्ह का उपयोग करते हुए सही उच्चारण के साथ पढ़ेंगे जिससे यदि विद्यार्थी ने गलत पढ़ा है तो उसे उसका सही उच्चारण पता चलेगा। शिक्षक विद्यार्थियों से उसका अर्थ पूछेंगे, यदि वे नहीं बता पाते हैं अथवा अनुमान नहीं लगा पाते हैं तो शिक्षक स्वयं बता पाएंगे।<br>साथ ही साथ पाठ में उपयोग किए गए punctuation marks (विराम चिह्नों) के बारे में भी बताएंगे।<br>**Activity – 5 Assigning Homework**<br>**गृह कार्य-** विद्यार्थियों को Exercise III and IV समझा देवें तथा घर से करके लाने के लिए कहें।<br>**Note for the teacher**<br>यदि विद्यार्थी पढ़ते समय गलती करते हैं तो शिक्षक उन्हें तुरन्त नहीं टोकें। इससे विद्यार्थी हतोत्साहित होते हैं और पढ़ते समय link भी टूट जाती है। अतः जब आप स्वयं पढ़ें तब सही पढ़ें जिससे विद्यार्थी को स्वयं अपनी गलती का अहसास हो जाएगा। यदि शिक्षकों को किसी शब्द के उच्चारण में समस्या हो तो वे दीक्षा एप पर उपलब्ध सामग्री का अध्ययन कर सकते हैं। |
| **Sumup** | शिक्षक गतिविधि के माध्यम से पहले शब्द पढ़ना सिखाएंगे जिससे वाक्य पढ़ना आसान हो जाएगा। स्वयं पढ़कर बताने से पहले विद्यार्थियों को अवसर देंगे कि वे पढ़ने का प्रयास करें। |

| DAY 3 (40 Min.) | |
|---|---|
| **Step I** | **Activity – 1 Discussing Homework**<br>शिक्षक 1 या 2 विद्यार्थियों को उनके द्वारा किया गया होमवर्क पढ़ने के लिए कहें। यदि उन्होंने कोई गलती की है तो उसे सुधार कर उन्हें सही वाक्य बताएं और सभी को गलती सुधारने के लिए कहें। कक्षा में घूम-घूमकर देखें कि विद्यार्थियों ने कार्य सही तरीके से किया है। |
| **Step II** | **Activity – 2 Explaining Present Tense and Past Tense**<br>शिक्षक daily routine को revise करवाएं। वाक्य में प्रयोग किए गए verbs को बोर्ड पर लिखें। उसके पश्चात् विद्यार्थियों को present tense और past tense की अवधारणा को समझाएं और past tense में प्रयोग होने वाले verbs को बोर्ड पर लिखें।<br>उसके बाद Exercise VI में लिखे वाक्यों के लिए विद्यार्थियों से उत्तर प्राप्त करें। |
| **Step III** | **Activity -3 Revising Punctuation Marks**<br>शिक्षकों ने पूर्व में पाठ पढ़ाते समय Punctuation Marks को विद्यार्थियों को समझाया था। उसी से संबंधित Exercise VII को विद्यार्थियों को अपनी कॉपी में करने के लिए कहें। उसके पश्चात् बोर्ड पर लिखकर विद्यार्थियों को स्वयं अपने उत्तर चेक करने के लिए कहें।<br><br>**Activity – 4**<br>**Assigning Homework**<br>**गृह कार्य-** इस पाठ के आधार पर विद्यार्थियों को अपने daily routine के बारे में 5-6 वाक्य लिखने के लिए कहें। इसके लिए वे Exercise III and IV की सहायता भी ले सकते हैं। लिखते समय punctuation marks को भी ध्यान में रखने के लिए कहें। अगले दिन उसकी जांच करें। |

| | |
|---|---|
| | **Note for the teacher**<br>शिक्षक जब भी गृह कार्य अथवा कक्षा कार्य दें, विद्यार्थियों ने किया है कि नहीं उसे अवश्य पूछें एवं उसकी जांच भी करें। |
| **Sum up** | Present tense और past tense की अवधारणा को विद्यार्थियों को समझा गया। वाक्यों में punctuation marks का उपयोग कहां होता है यह भी विद्यार्थियों को समझा गया।<br>गृहकार्य के माध्यम से उनकी writing skill विकसित करने की कोशिश की गई। |

# Lesson - 11



## Milk Maid


**Standard Class Strength:- 30**

**Class Duration: - 40 minutes**

**Expected days to complete the lesson:- 2-3 days.**

| Code of Learning Outcomes that could be addressed | LE302, LE303, LE304, LE305, LE311, LE313 |
|---|---|
| **Teaching Procedure** | |
| **Objective** | • बच्चे Thank you, please sorry, may etc. जैसे शब्दों का उपयोग एवं महत्त्व को अच्छी तरह से समझ सकेंगे।<br>• बच्चे छोटे-छोटे role play में अच्छे expression के साथ छोटे-छोटे English sentences और correct pronunciation के साथ participate कर सकेंगे।<br>• Small text को read करके समझ पाने में सक्षम होंगे।<br>• बच्चे 4-5 sentences English में बोल पाने में सक्षम होंगे। |
| **Introduction** | बच्चों को आम जिंदगी में बोलचाल के दौरान उपयोग किये जाने वाले शब्द Thank you, sorry जैसे का संदर्भ लेते हुए बातचीत शुरू की जा सकती है। इस समझ को और अधिक पुख्ता करने पाठ में role play के माध्यम से और समझाने का प्रयास करेंगे। |
| **Preparation for the activity** | Flash cards, finger puppet/ mask, fancy dress materials. |
| **DAY 1 (40 min.)**<br>(Listening skill) | |

| | |
|---|---|
| **Step I**<br>**Round - 1** | **Activity (1) Pronounce the magical words:**<br>**Description of the activity -**<br>शिक्षक कक्षा के सभी बच्चों को बैठाकर black board में ये words लिखेंगे फिर उन्हें शिक्षक बोलकर repeat करने को कहेंगे।<br><br><br>अब शिक्षक बच्चों को आंखे बंद करके इन words को pronounce करने को कहें। |
| **Round - 2** | अब शिक्षक बच्चों को नीचे दिए गए hopscotch पर jump करते हुए words की spelling और word को pronounce करने को कहें।<br><br>एक पैर से jump करके words को repeat कर सकते हैं और last box में जाकर word को pronounce करें। |

| | |
|---|---|
| **Round - 3** | कक्षा में 3 circles बना दें और उसमें ये 3 words लिख दें (sorry, thank you, please)। फिर 3 cards बना ले और 3-3 बच्चों को बारी-बारी बुलाकर उन्हें cards चुनकर circle में दिए words से match करने को कहें। Match करते समय बच्चे उस word की spelling भी जोर से बोलें। word को उच्चारित करें।<br>**Instruction for the teacher :-**<br>● शिक्षक बच्चों को Simple instructions English में दे - come one by one, jump and pronounce the word, repeat the words, close your eyes, spell the words.<br>● शिक्षक कक्षा के सभी बच्चों को इस activity में participate करने की कोशिश करें। |
| **Sumup** | इस activity के माध्यम से बच्चे sorry, thank you और please की spelling और pronunciation खेल-खेल में सीख सकेंगे। |
| **DAY 2 (40 Min.)**<br>**(Reading Skill)** | |
| **Round - 1** | **Activity–2 (Puppet/Mask game)**<br>**Preparation for the activity-** Simple face mask या finger puppet.<br>**Description of the activity -**<br>शिक्षक finger puppet के  साथ एक बच्चे के पास जाकर पूछेंगे -<br>शिक्षक = May I have your pencil?<br>बच्चा = जब बच्चा शिक्षक को pencil दे देगा।<br>शिक्षक = Thank you<br>अब शिक्षक अपनी table पर बहुत सी सामग्री रखे और किसी बच्चे को बुलाकर कोई भी एक वस्तु लेने को कहें - |

| | |
|---|---|
| | बच्चा = May I have the red pen?<br>शिक्षक = Yes, you may. (शिक्षक बच्चे को red pen दे)<br>बच्चा = Thank you<br>शिक्षक = Welcome<br>यह प्रक्रिया शिक्षक कुछ बच्चों के साथ जरी रखें। |
| **Round - 2** | शिक्षक बच्चों को 5 groups में divide करें और जो भी वस्तुएं उनके पास हो उसे अपने group के सामने रखने को कहें। अब बारी-बारी एक group के बच्चे दूसरे group में जाकर राखी कोई भी वस्तु को May I have .....? कहकर लेंगे।<br>**Example :-**<br>बच्चा - I have eraser?<br>Members - Yes, you may.<br>बच्चा - Thank you<br>Group members - Welcome<br>अब सभी group के members दूसरे group में जाकर कुछ वस्तुएं एकत्रित करें। |
| **Round - 3** | इस round में शिक्षक किसी बच्चे को बुलाकर May I have ...........? का use करके ऐसी वस्तु लेने को कहें जो शिक्षक के table पर न हो -<br>**Example :-**<br>बच्चा - May I have red scarf?<br>शिक्षक - Sorry, I don't have red scarf.<br>बच्चों - Ok.<br>अब शिक्षक अलग-अलग groups में जाकर इसी तरह से activity continue करें और अब group members को दूसरे groups में जाकर यह activity दोहराने को कहें।<br>**Instruction for the teacher :-** |

| | |
|---|---|
| | • शिक्षक बच्चों को monitor करें एवं उनकी help करें, इस activity में सभी बच्चों को involve करें।<br>• शिक्षक उन्हें यह भी बताएं कि अगर हम किसी को गलती से hurt करें या हमसे कुछ गलत हो जाए तब भी हमें sorry कहना चाहिए। |
| **Sumup** | इस activity के बाद बच्चे May I have ........? को जानेंगे और sorry, I don't.........? का भी use करना सीख सकेंगे। |
| **DAY 3 (40 Min.)** | |
| **Activity 3** | **Fancy Dress:**<br>**Description of the activity -**<br>शिक्षक बच्चों को एक दी पूर्व इस बात की सूचना दें कि कल हम school में fancy dress program रखेंगे।<br>शिक्षक इस activity को करने के लिए chits/slips बना सकते हैं अथवा उन्हें freely choose भी करने दे सकते हैं कि वे क्या बनना चाहते है fancy dress में participate करने के लिए। शिक्षक बच्चों को कुछ options दें -<br>Teacher, vegetable seller, mason, fruit seller, milkman, engineer, doctor, farmer, carpenter, tailor, barber, postman, police, advocate etc.<br>**Note:-** Get-up (costume) simple हो और साथ में कुछ वस्तुएं हो जिससे उन्हें recognize किया जा सके।<br>**Example :-**<br>Fruit seller एक टोकरी में कुछ fruits या fruits के pictures रख सकते हैं।<br>अब बच्चे अपने get up में class के सामने आकर कुछ अपने professions (काम) के बारे में बताएंगे और बाकी सभी बच्चे उसके get-up और description से उसे पहचानने की कोशिश करेंगे।<br>बच्चा - I can make your dress.<br>Who am I? |

| | |
|---|---|
| | अन्य बच्चे - Tailor<br>**Note-** Tailor simple dress और inch tape गले में लटका सकता है। |
| **Sumup** | इस activity में participate करने से बच्चों को English का exposure मिलेगा एवं वे freely कुछ simple sentences बोलने में समर्थ होंगे। enjoy करते हुए conversation करेंगे, जिससे उनकी झिझक ख़त्म होगी। बच्चे Thank you, please, sorry, May I ............ का use भी भली-भांति कर सकेंगे। |

## Lesson - 12

## A BAD CAT

**Standard Class Strength:- 30**

**Class Duration: - 40 minutes**

**Expected days to complete the lesson:- 2-3 days.**

| **Code of Learning Outcomes that could be addressed** | **LE305, LE308, LE313, LE314** |
|---|---|

| **Teaching Procedure** | |
|---|---|
| **Objective** | 1. Learners कहानी बनाना व बताना सीख सकेंगे।<br>2. Learners विभिन्न nouns prepositions (on,in,under, at) तथा verbs को जानेंगे और उनका उपयोग English के short sentences लिखने व बोलने में कर सकेंगे।<br>3. Learners कहानी से सम्बंधित जानकारी को Home language एवं English के छोटे-छोटे वाक्यों में दे सकेंगे।<br>जैसे – Where is the cat?<br>Students: The cat is on the tree.<br>4. Learners इस पाठ के माध्यम से चित्र को देखकर story बनाना, बोलना तथा लिखना सीख सकेंगे। इसके साथ ही साथ नई कहानियाँ बनाकर अन्य विद्यार्थियों के साथ साझा भी कर सकेंगे। |
| **DAY 1 (40 min.)**<br>(Listening skill) | |
| **Introduction** | शिक्षक ‘’Bad” शब्द का अर्थ विद्यार्थियों से पूछेंगे, तत्पश्चात् शिक्षक स्वयं “Bad” शब्द का अर्थ विद्याथियों को समझायेंगे और यह बतायेंगे कि जब किसी का काम हमें गलत या किसी को तकलीफ देने वाला लगता है तब हम उसे Bad कहते है। शिक्षक विद्यार्थियों को स्थानीय रूप में प्रचलित एक कहानी सुनाते हैं – |

| | |
|---|---|
| | एक समय की बात है, एक गाँव में मंगलू नाम का दूध बेचने वाला रहता था। वह रोज सायकल से दूध बेचने जाया करता था। रास्ते में एक तालाब था जहाँ रूककर मंगलू दूध में पानी मिला देता था जिसे पेड़ पर बैठा बन्दर रोज देखता था। एक दिन मंगलू दूध बेचकर वापस लौंट रहा था, तालाब में नहाने के लिए वह अपना सारा सामान रखकर नहाने लगा। तभी बन्दर पेड़ से उतरकार मंगलू के पैसे वाली पोटली लेकर वापस पेड़ पर चढ़ गया। मंगलू चिल्लाते हुए बन्दर की तरफ दौड़ा और पैसों से भरी पोटली मांगने लगा। बन्दर पोटली खोलकर उसमें रखे पैसे एक बार पानी में फेंकता, एक बार मंगलू की ओर। इस प्रकार बन्दर ने पानी का पैसा पानी में फेंक दिया और दूध का पैसा मंगलू के पास।<br>शिक्षक कहानी के अंत में विद्यार्थीयों से पूछेंगे कि कहानी का कौन सा पात्र बूरा था और क्यों?<br>विद्यार्थी मंगलू को बूरा कहेंगे क्योंकि वह दूध में पानी मिलाकर गलत काम करता था, शिक्षक इस कहानी को lesson से जोड़ते हुए, lesson में दर्शाये चित्र को दिखाकर विद्यार्थियों से पूछेंगे कि इसमें आपको किसका काम अच्छा नहीं लग रहा है और क्यों?<br>विद्यार्थी कहेंगे – (बिल्ली) cat क्योंकि वह birds के eggs को फेंक रही है जिससे birds को तकलीफ हो रही है।<br>इस प्रकार शिक्षक lesson की शुरुआत करेंगे। |
| **Preparation for the activity** | Table, plastic, ball, rubber ring, empty shoes box. |
| **Step I** | **Activity –**<br>पाठ में दर्शायें गए चित्र को दिखाकर शिक्षक विद्यार्थियों से उसमें दिखाई देने वाले वस्तुओं/जानवरों के नाम अपने home language में बताने को कहेंगे। जैसे – कुत्ता, बिल्ली, चिड़िया, आदमी। |

| | |
|---|---|
| **Step II** | विद्यार्थियों के द्वारा चित्र में दिखने वाले सभी वस्तुओं व जानवरों के नाम बताने के पश्चात् शिक्षक उन सभी चीजों के नाम english में कहेंगे तथा विद्यार्थियों से उसे दोहराने को कहेंगे। |
| **Step III** | शिक्षक विद्यार्थियों को दो बराबर group में विभाजित करेंगे तथा प्रत्येक group के विद्यार्थियों को बारी-बारी एक-एक वाक्य, story के रूप में कहने को कहेंगे। विद्यार्थी अधिक से अधिक english के words का उपयोग करते हुए story को आगे बढ़ाते जाएंगे। पहले group के वाक्य को जोड़ते हुए दूसरा group कहानी को आगे बढ़ायेंगे।<br><br>**Instructions for the teacher-**<br>- शिक्षक Activity कराते समय इस बात का विशेष ध्यान रखें कि group के प्रत्येक विद्यार्थी को बोलने का अवसर मिले।<br>- शिक्षक गतिविधि कराते समय अधिक से अधिक english के words use करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित करें और शिक्षक स्वयं करें। |
| **Sumup** | शिक्षक पूरी कहानी जैसा कि चित्र में दर्शाया गया है उसे english में तथा विद्यार्थियों के home language में सुनाते हुए, lesson को अगले session के लिए connect करके समाप्त करें। |
| **DAY 2 (40 Min.)<br>(Reading Skill)** | |
| **Step I** | **Activity–**<br>शिक्षक सभी विद्यार्थियों को बाहर मैदान में लेकर जाएंगे। एक table से लगभग 4m की दूरी पर विद्यार्थियों को तीन-तीन की कतार में खड़े होने को कहेंगे। शिक्षक गतिविधि कराने के लिए प्रत्येक विद्यार्थी को बारी-बारी से उस निश्चित दूरी से rubber ring को table पर फेंकने को कहेंगे। जब rubber ring |

| | |
|---|---|
| | table के ऊपर स्थिर हो जाए या रह जाये, तब शिक्षक उसे दिखाकर कहेंगे "The ring is on the table" तथा सभी विद्यार्थियों से यह वाक्य दोहराने को कहेंगे। शिक्षक एक और उदाहरण देते हुए कहेंगे "We all are standing on the ground" इस sentence को भी शिक्षक सभी विद्यार्थियों से दोहराने को कहेंगे।<br>Rubber ring को table पर फेंकते समय यदि वह table के नीचे चला जाए तो शिक्षक पुन: उसे दिखाकर कहेंगे "The ring is under the table और सभी विद्यार्थियों से यह वाक्य दोहराने को कहेंगे। शिक्षक एक और वाक्य का उदाहरण देते हुए कहेंगे Raju is standing under the tree. इस वाक्य को भी शिक्षक सभी विद्यार्थियों से दोहराने को कहेंगे। |
| **Step II** | शिक्षक table के ऊपर एक खाली डिब्बा रखेंगे और प्रत्येक विद्यार्थी को निर्देशित करेंगे कि अब ring उस खाली डिब्बे के अन्दर जाना चाहिए। बारी-बारी करके विद्यार्थी आएंगे और ring को डिब्बे में डालने का प्रयास करेंगे कोई विद्यार्थी सफल होता है तब शिक्षक उसे दिखाते हुए कहेंगे "The ring is in the box" तथा सभी विद्यार्थियों को उस वाक्य को दोहराने को कहेंगे। शिक्षक एक और उदाहरण देते हुए विद्यार्थियों को आसमान में उड़ रहे पक्षियों को दिखाते हुए कहेंगे "The birds are flying in the sky" तथा सभी विद्यार्थी इस वाक्य को दोहरायेंगे। |
| **Step III** | शिक्षक कुछ और वाक्यों का उदाहरण देते हुए विद्यार्थियों से पूछेंगे कि हमारी शाला कितने बजे शुरू होती है। विद्यार्थी जवाब देंगे कि हमारी शाला सुबह 10 बजे शुरू होती है। शिक्षक इस वाक्य को english में कहेंगे- our school begins at 10 O' clock in the morning. शिक्षक विद्यार्थियों से यह वाक्य दोहराने को कहेंगे।<br>One more example from lesson- The dog is looking at the cat विद्यार्थी इस वाक्य को भी दोहरायेंगे। |

| | |
|---|---|
| | **Instruction for the Teacher-**<br>शिक्षक इस गतिविधि को खुले मैदान में ही करावें।<br>गतिविधि कराते समय विद्यार्थियों को सरल एवं छोटे-छोटे instruction English में ही दें। जैसे – समूह बनाते समय – come here, go there, stand here, make a straight line etc. |
| **Sumup** | इस गतिविधि के द्वारा विद्यार्थी खेल-खेल में preposition सीखेंगे तथा उसे lesson से relate कर सकेंगे। |
| **DAY 3 (40 Min.)** | |
| **Step I** | **Activity –**<br>विद्यार्थियों को एक कतार में खडी करके 1,2,3,4 की गिनती करते हुए विद्यार्थियों को 4 बराबर समूह में विभाजित करेंगे। 1 संख्या वाले सारे विद्यार्थियों को 1 समूह का निर्माण हो जायेगा।<br>शिक्षक विद्यार्थियों को निर्देशित करते हुए कहेंगे कि मेरे द्वारा (शिक्षक) बताए गए clue वाक्य से जिस विद्यार्थी को उत्तर(answer) पता चल जाये वह अपना हाथ उठायेंगे तथा पूछने पर उत्तर बताएंगे।<br>शिक्षक: 1. मैं घोंसलें में रहती हूँ।<br>2. मैं आसमान में उड़ती हूँ।<br>विद्यार्थी : चिड़िया (bird)<br>शिक्षक : Bird <u>fly</u> in the sky.<br>शिक्षक : (1) I am a good friend of man.<br>(2) I guard your houses at night.<br>(3) I bark.<br>विद्यार्थी: Dog (कुत्ता)<br>शिक्षक : Dog <u>barks</u> at strangers. |

| | |
|---|---|
| | **Instruction for the Teacher-**<br>- गतिविधि कराते समय शिक्षक, विद्यार्थियों को सरल व छोटे-छोटे instruction, english में ही देवें।<br>- एक बार में एक ही clue देवें। यदि विद्यार्थी 1 clue में उत्तर जान जाता है तो second clue देने की आवश्यकता नही है।<br>- समय की उपलब्धता के अनुसार शिक्षक इसमें और भी words add कर सकतें है। |
| **Sumup** | उक्त गतिविधियों से विद्यार्थी उत्साहित होकर सहभागिता देंगे तथा कक्षा के उपरांत इस गतिविधि को आपस में शिक्षक के अनुपस्थिति में भी continue करेंगे जिससे स्वत: करके सीखने को बढ़ावा मिलेगा। |

## Lesson - 13

## A HAPPY CHILD

**Standard Class Strength:- 30**

**Class Duration: - 40 minutes**

**Expected days to complete the lesson:- 4 days.**

| | |
|---|---|
| **Code of Learning Outcomes that could be addressed** | **LE301, LE305, LE308, LE310** |
| **Teaching Procedure** | |
| **Objective** | इस पाठ के माध्यम से विद्यार्थी<br>• लय-ताल एवं हाव-भाव के साथ कविता सुना पाएंगे।<br>• कविता के संदर्भ में अपने विचार व्यक्त कर पाएंगे।<br>• Noun, Adjective, Verb आदि का उपयोग करते हुए छोटे वाक्य बना पाएंगे।<br>• Opposite words, colours name और noun व उसके प्रकार जैसे countable/uncountable noun को जान पाएंगे। |
| **Introduction** | • विद्यार्थी जानते हैं कि कौनसे कार्य करने में वे happy हैं और कौनसे कार्य करने में sad, कौन-सी वस्तु small or big है। अपने आसपास के वातावरण से objects को लेकर उसके opposite word का आकलन करेंगे।<br>• विद्यार्थी कौनसे वस्तु गिन सकते हैं और कौनसी वस्तु को नहीं गिन सकते इसके लिए countable and uncountable nouns का प्रयोग करवाएंगे।<br>• खेल के माध्यम से रंगों की पहचान कर पाएंगे। |
| **Preparation for the activity** | Colour sheet, flash card |

| DAY 1 (40 min.)<br>(Listening skill) | |
|---|---|
| **Step I** | शिक्षक कविता को हाव-भाव एवं लय-ताल के साथ सुनाएंगे एवं विद्यार्थियों को दोहराने के लिए कहेंगे।<br>My house is red – a little house<br>A happy child am I.<br>I laugh and play the whole day long,<br>I hardly ever cry.<br>I have a tree, a green, green tree,<br>To shade me from the sun,<br>And under it I often sit,<br>When all my play is done. |
| **Step II** | शिक्षक विद्यार्थियों को कविता सुनाने के लिए कहें। |
| **DAY 2 (40 Min.)**<br>**(Reading Skill)** | |
| **Step I** | शिक्षक कविता का revision करवाएँ।<br>2-3 बार कविता सुनाने के पश्चात् शिक्षक हाव-भाव के माध्यम से विभिन्न शब्दों के अर्थ पूछेंगे। जैसे शिक्षक कहेंगे कि मैं कुछ action words बोलूंगी और आप उनका action करके दिखाइए - laugh, play, cry, sit |
| **Step II** | उसके बाद शिक्षक कुछ शब्दों के हिन्दी नाम बोलकर विद्यार्थियों से उनके अंग्रेजी शब्द पूछेंगे और विद्यार्थी उत्तर देंगे जैसे घर (house), खुश (happy), बच्चा (child), पेड़ (tree), सूर्य (sun) |
| **Step III** | उसके बाद शिक्षक विद्यार्थियों से कहेंगे -<br>Show me the colours which are mentioned in the poem.<br>विद्यार्थी लाल एवं हरे रंग की वस्तुएं दिखाकर रंग का नाम बोलेंगे। |

| | |
|---|---|
| **Step IV** | अब शिक्षक विद्यार्थियों को पुस्तक खोलकर कविता पढ़ने के लिए कहेंगे। Poem को प्रत्येक विद्यार्थी से read करवाना है व साथ ही साथ पाठ में opposite words, colours name इत्यादि पर focus करना है। उसके बाद विद्यार्थियों से कविता का भाव पूछेंगे। जो बातें विद्यार्थी नहीं बता पाएं है उसका अर्थ समझाने में शिक्षक सहायता करेंगे। |
| **DAY 3 (40 Min.)** | |
| **Step I** | **Activity (1) –**<br><br>विद्यार्थियों को opposite words का exercise देना है।<br>**Match the opposite words.**<br>Happy woman<br>Man bad<br>Good far<br>Near sad<br>Rich dry<br>Wet low<br>High late<br>Early poor<br>**Exercise 2**<br>Look at the picture carefully. Write the opposite of the given words.<br>(Pic of big tree) (pic of small tree)<br>Big<br>(Pic of icecream) (pic of tea)<br>Cold<br>(pic of fat boy) (pic of thin boy)<br>Fat<br>विद्यार्थियों को सरल वाक्य में बोलने के लिए भी प्रेरित करें।<br>This is a big tree. This is small tree. |

| | |
|---|---|
| | **Instruction for the teacher**<br>शिक्षक गतिविधि कराते समय सरल शब्दों का प्रयोग करेंगे।<br>जैसे- day-night, fat-thin<br>कक्षा में उपलब्ध अन्य वस्तुओं जैसे चॉक, पेन्सिल, बॉटल आदि का भी उपयोग करके अवधारणा को स्पष्ट करने का प्रयास करें।<br>कविता में प्रयुक्त proposition 'under' का भी प्रयोग करवाते हुए छोटे वाक्य बोलने हेतु प्रेरित करें। |
| **Step 2** | **Activity (1) –**<br>**Revising previous activity**<br>पिछली गतिविधि को कक्षा में जारी रखेंगे, खेल के माध्यम से opposite word का अभ्यास करेंगे जैसे दो समूह बनाएंगे तथा पहला समूह एक शब्द बोलेगा, दूसरा समूह उसका उत्तर देगा। यह गतिविधि बोर्ड पर लिख कर भी की जा सकती है। विद्यार्थी स्वयं आकर बोर्ड पर शब्द लिखेंगे जिससे उनकी झिझक दूर हो सके। |
| **Step 1** | **Activity (2) –**<br>**Use of noun**<br>शिक्षक noun के बारे में परिचय देवें कि noun क्या है और उसका अभ्यास कराएं। किसे गिन सकते हैं और किसे नहीं इसका भी अभ्यास जारी रखें।<br>Flash card का उपयोग करके revision करवाएं ताकि naming words की पहचान हो सके। उन्हें पूरे वाक्य में उत्तर देने के लिए कहें। जैसे-<br>This is an apple.<br>( Pictures of apple, cake, banana, cat, butterfly) |
| **Step 2** | **Activity (2) –**<br>**Circle the naming words:**<br>Mother, house, green, happy, laugh, pen, bus, shade, play, king, zoo, fox |

| | |
|---|---|
| | Give some objects which can be shown as countable noun and uncountable noun like teeth, leaves, roses, hair, mangoes, water, mild, pens, chalks etc.<br>इन्हीं Target words को blackboard पर लिखकर विद्यार्थियों से countable/ uncountable noun की पहचान करवाएं।<br>Teacher दो समूहों में यह गतिविधि करा सकते हैं। एक समूह countable व दूसरा uncountable noun का पहचान करें।<br>पर्ची के माध्यम से भी यह गतिविधि कराया जा सकता है।<br>**Note to the teacher**<br>यह पाठ अधिक से अधिक गतिविधि के माध्यम से करवाएं जिससे विद्यार्थियों को जल्दी समझ होगी व सीखने में मदद मिलेगी। |
| **Sumup** | • गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों का Vocabulary बढ़ेगा व opposite word का ज्ञान होगा व अंग्रेजी विषय के प्रति exposure मिलेगा।<br>• विद्यार्थी नए शब्दों से परिचित होंगे व गिन सकने वाले व नहीं गिन सकने वाले चीजों को जानेंगे। |
| **DAY 4 (40 Min.)** | |
| **Step 1** | पिछली दोनों गतिविधियों को दोहराना। |
| **Step 2** | **Colours name**<br>विद्यार्थियों को कॉपी पर कोई भी चित्र बनाने को कहें। फिर उसमें अपनी पसंद का रंग भरने को कहें और कक्षा में उसका प्रदर्शन करने के लिए कहें। साथ में वह बताएं कि उसने कौनसा रंग भरा है।<br>(Picture of a tree)<br>अलग-अलग रंग के colour sheet कक्षा में दिखाकर पूछें- Which colour is this? |

| | |
|---|---|
| | कक्षा में खेल भी कराया जा सकता है।<br>Touch black colour<br>Touch yellow colour<br>यह गतिविधि कक्षा के बाहर मैदान में भी हो सकती है। एक विद्यार्थी एक रंग का नाम बोलेगा, बाकी विद्यार्थी उस रंग को छूने के लिए भागेंगे। जो नहीं छू पाएगा वह out हो जाएगा।<br>Question Answer के माध्यम से रंगों का ज्ञान कराना जैसे What is the colour of sky?<br>Flash card के माध्यम से भी रंगों का ज्ञान करवाया जा सकता है।<br>**Note to the teacher :**<br>सभी गतिविधियां Learning Outcomes पर आधारित हैं।<br>प्रस्तावित गतिविधियों का क्रम बदला जा सकता है। |
| **Sum up** | इस कविता के माध्यम से विद्यार्थियों को बहुत आनंद आएगा तथा हाव-भाव के द्वारा वे बहुत सी बातें स्वयं ही समझ जाएंगे। उनके शब्द भंडार में वृद्धि होगी वे छोटे-छोटे वाक्यों में कुछ adjectives जैसे little तथा preposition under का भी प्रयोग करना सीख जाएंगे। |

## Lesson - 14

## LET US HURRY

**Standard Class Strength:- 30**

**Class Duration: - 40 minutes**

**Expected days to complete the lesson:- 2 days.**

| | |
|---|---|
| **Code of Learning Outcomes that could be addressed** | **LE302, LE303, LE304, LE305, LE306, LE308, LE314** |
| **Teaching Procedure** | |
| **Objective** | विद्यार्थी<br>➢ पाठ को पढ़ पाएंगे।<br>➢ पाठ पर आधारित रोल-प्ले कर पाएंगे।<br>➢ पाठ से संबंधित प्रश्नों के उत्तर दे पाएंगे।<br>➢ पात्रों एवं घटनाक्रम को समझ पाएंगे।<br>➢ छोटे वाक्य बोलते समय noun, pronoun, adjective आदि का उपयोग कर पाएंगे।<br>➢ समय से संबंधित गणित की अवधारणा को सही तरीके से समझकर बोल.... पाएंगे।<br>➢ इस पाठ के माध्यम से बच्चे अपना काम समय पर कर पाएंगे और समय को और अधिक सरल सहज रूप में मिनिट, सेकण्ड, half past, quarter to को जान पायेंगे।<br>➢ शिक्षक इस प्रकार समय के महत्व को बताते हुए घड़ी देखने का exposure और English language का exposure दे सकेंगे। |
| **Introduction** | समय को देखकर हम अपना daily routine यदि बनाते हैं।<br>तब हम सब काम को सही और अच्छे तरीके से कर पाते हैं। हमारे दैनिक जीवन में समय का विशेष महत्व है। |

| | |
|---|---|
| | शिक्षक अपना daily routine बताएं एवं विद्यार्थियों से उनकी routine पूछते हुए पाठ की शुरुआत कर सकते है। |
| **Preparation for the activity** | Clock, cards |
| **DAY 1 (40 min.)**<br>(Listening skill) | |
| **Step I** | **Activity -1 Revising time**<br>**Description of the activity**<br>**Round 1**<br>विद्यार्थियों ने पूर्व में समय देखना सीखा है जैसे two o'clock, five o'clock आदि। सर्वप्रथम शिक्षक घड़ी के द्वारा समय देखने की पुनरावृत्ति करवाएंगे।<br><br>**Round 2**<br>शिक्षक विद्यार्थियों को समय के बारे में कुछ नई बातें समझाएंगे जैसे five minutes to eighteen minutes to eight fifteen minutes to eight आदि।<br><br>**Round 3**<br>शिक्षक विद्यार्थियों को दो समूहों में बांटकर खेल का नियम बताएंगे एवं सबसे पहले स्वयं करके दिखाएंगे।<br>शिक्षक द्वारा daily routine से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे और उस प्रश्न का उत्तर समय के साथ देना होगा और साथ ही साथ एक घडी होगा उस पर प्रश्न के हिसाब से उतना ही बजाकर दिखाना है।<br>जैसे - आप कितने बजे उठतें हैं?<br>आप कितने बजे नहाते हैं |

| | |
|---|---|
| | आप कितने बजे नाश्ता करते हैं ?<br>यह सभी प्रश्न individually पूछे जाएंगे जिसमें दोनों समूहों के विद्यार्थियों को बारी-बारी से पूछा जाएगा।<br>जब विद्यार्थी से पूछेंगे आप कितने बजे उठतें हैं? तो यदि वह उत्तर देगा कि 8 बजे तो उसे घड़ी में भी दिखाना पड़ेगा। |
| **Step II** | **Activity -2 Reading aloud and understanding the text**<br>**Round 1**<br>शिक्षक विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तक खोलने के लिए कहेंगे एवं पहले पैरा की reading करने के लिए कहेंगे।<br>Ravi and Ali are going to school. It is fifteen minutes to eight by Ravi's watch. The school bell rings at eight o'clock.<br>**Round 2**<br>शिक्षक विद्यार्थियों से कुछ प्रश्न पूछें -<br>What are the names of the two boys?<br>Where are they going?<br>What is the time by Ravi's watch?<br>At what time does the bell ring?<br>**Note to the teacher:**<br>• विद्यार्थी प्रश्नों को समझकर यदि उत्तर अंग्रेजी में नहीं दे पा रहे हैं तो वे हिन्दी अथवा उनके आसपास की भाषा में भी दे सकते हैं।<br>• जो बातें विद्यार्थियों को समझ में नहीं आई हैं उन्हें शिक्षक समझाएं।<br>• गलत उत्तर देने पर शिक्षक उन्हें सुधारने में सहायता कर सकते है। |
| **Step III** | **Activity -3** Model reading by teacher and role play by students<br>शिक्षक विद्यार्थियों को Ravi एवं Ali का केवल एक-एक dialogue पढ़कर बताएंगे एवं उन्हें उसका अर्थ समझने में सहायता करेंगे।<br>उसके पश्चात् शिक्षक दो-दो विद्यार्थियों को Ravi एवं Ali के द्वारा बोला हुआ एक-एक dialogue role-play करके बोलने के लिए कहेंगे। |

| | |
|---|---|
| | **Instructions for the activity**<br><br>Open your book on page no………<br>Read the first paragraph.<br>**Note to the teacher**<br>• शिक्षक विद्यार्थियों को पाठ का प्रथम पैरा पढ़ने के लिए कहें।<br>• उन्हें स्वयं पढ़कर अनुमान लगाने के लिए प्रेरित करें।<br>• रोल-प्ले करवाते समय सभी को अवसर दें। |
| **Sumup** | गतिविधियों में विद्यार्थियों को समय को बोलकर घड़ी में उतने ही बजाकर दिखने से समय को और बेहतर ढंग से सीखने का मौका मिलेगा।<br>विद्यार्थी समय के मिनट, half past, quarter to जैसे शब्दों से परिचित हो पाएंगे।<br>English words के exposure को अपने दैनिक जीवन से जोड़ पाएंगे। |
| **DAY 2 (40 Min.)**<br>**(Reading Skill)** | |
| **Step I** | **Activity – 1 Revision of previous day activity**<br>शिक्षक पिछली गतिविधि का संदर्भ लेकर चर्चा कर सभी विद्यार्थियों के साथ उन्हें दोहराते हुए आगे बढ़ेंगे।<br>शिक्षक कुछ प्रश्न पूछकर जैसे When do you get up ? What do you do before going to school? पूछकर विद्यार्थियों को पुनः अपना daily routine बताने के लिए कहेंगे और उनके द्वारा बोले गए वाक्य बोर्ड पर लिखेंगे जैसे -<br>I get up at six o'clock.<br>I brush my teeth.<br>I take bath.<br>I have my breakfast.<br>I go to school.<br>**Activity – 2 Revision of present tense and past tense** |

| | |
|---|---|
| | विद्यार्थी पूर्व में present tense and past tense पढ़ चुके हैं। शिक्षक बोर्ड पर लिखे वाक्यों में से action words छांटकर लिखेंगे एवं उनका past tense विद्यार्थियों से पूछेंगे।<br>**Activity – 3 Comparing daily routine with Ravi and Ali**<br>शिक्षक विद्यार्थियों को पुस्तक खोलकर dialogue पढ़ने के लिए कहेंगे। फिर उनसे पूछेंगे कि आज आपकी दिनचर्या किसके समान थी - रवि के या अली के? यदि किसी विद्यार्थी को पढ़कर समझ में आया होगा तो वह बता पाएगा अन्यथा शिक्षक समझाएंगे।<br>**Activity – 4 Model reading by the teacher**<br>शिक्षक पाठ को पढ़ेंगे तथा विद्यार्थियों से कुछ प्रश्न पूछकर जानने का प्रयास करेंगे कि उन्हें कुछ समझा है क्या? रवि के वाक्यों में late एवं unhappy शब्द आए हैं। विद्यार्थियों से कहें कि अली के वाक्यों में इनके opposite शब्द ढूंढें।<br>जो बातें विद्यार्थी स्वयं नहीं समझ पा रहे हैं या अनुमान नहीं लगा पा रहे हैं, उन्हें शिक्षक समझाएं।<br>**Note to the teacher**<br>शिक्षक सभी विद्यार्थियों से पढ़वाएं तथा गतिविधि में सभी विद्यार्थियों को सम्मिलित करें। |
| **Sum up** | विभिन्न गतिविधियों के द्वारा विद्यार्थियों में speaking skill और reading skill का विकास होगा। |

## Lesson – 15

## THE SWING

**Standard Class Strength:- 30**


**Class Duration: - 40 minutes**

**Expected days to complete the lesson:- 3 days.**

<table>
<tr><td colspan="2">Code of Learning Outcomes that could be addressed</td><td>LE301, LE304, LE306, LE310,LE313</td></tr>
<tr><td colspan="3">Teaching Procedure</td></tr>
<tr><td>Objective</td><td colspan="2">1. उचित उच्चारण एवं हावभाव के साथ कविता का पाठ व्यक्तिगत रूप से/ समूह में कर सकेंगे।<br>2. English में poem को समझकर पढ़ सकेंगे।<br>3. High/low, up/down और अन्य opposite word को identify कर सकेंगे।<br>4. Sky/fly जैसे rhyming word की पहचान बोल सकेंगे।<br>5. Swing से सम्बंधित अपने अनुभव share कर सकेंगे।<br>6. पढ़कर सम्बंधित प्रश्नों के उत्तर दे सकेंगे।<br>7. Lesson के आधार पर 5-6 वाक्यों में अपने अनुभव को लिख व बोल सकेंगे।</td></tr>
<tr><td>Introduction</td><td colspan="2">सभी बच्चों को झूला पसंद होता है और बचपन में सभी लोग विभिन्न प्रकार के झूला जैसे- रहचुली, हवाई झूला आदि झूले भी होंगे। इस lesson में एक बच्ची द्वारा झूला झूलने के दौरान अपने अनुभव एवं कल्पना को व्यक्त किया गया है। इसी प्रकार बच्चों से उनके अनुभवों की चर्चा करते हुए lesson की शुरुआत कर सकते है।</td></tr>
<tr><td>Preparation for the activity</td><td colspan="2">Text book and target word का word card.<br>Example: High, low, up down, sky, fly etc.<br>Note: शिक्षक drawing sheet या simple paper पर word card बना सकते है।</td></tr>
</table>

<table>
<tr><th colspan="2">DAY 1 (40 min.)<br>(Listening skill)</th></tr>
<tr><td>Step I</td><td>Activity (1) – 'Whole class activity'<br><br>
• शिक्षक बच्चों को सुविधानुसार व्यवस्थित बैठायेंगे।<br>
• शिक्षक class में body action के साथ poem का वाचन करेंगे एवं बच्चों से दोहरवायेगें।<br>
जैसे- "Now so high,<br>
Now so low,<br>
UP in the air,<br>
Then down I go ……….<br>
• शिक्षक body action के साथ उपुर्युक्त वाक्यांश को बोलेंगे एवं learner दोहरायेंगे।<br>
• यह प्रक्रिया सभी paragraph के लिए करावे।<br>
• सभी paragraph के पूर्ण होने के बाद lesson के सभी वाक्यों का अभ्यास एक साथ करावें।<br>
• विद्यार्थी को स्थानीय भाषा से जोड़ते हुए poem का हिंदी में अनुवाद करावें।<br>
Note for the teacher:<br>
Teacher प्रत्येक paragraph को बारी-बारी से बोर्ड पर लिखाकर अभ्यास करावें।</td></tr>
<tr><td>Step II<br>(Round 1)</td><td>Activity (2) - 'Visual Activity'<br>
Preparation:<br>
• Take a weighing balance. (तराजू)<br>
• Take a pen or pencil, tag a string and in the end of the string tag a stone or chalk piece and make a model of swing.</td></tr>
</table>

<table>
<tr>
<td>(Round 2)</td>
<td>


➢ तराजू लेकर उसमें एक पलड़े पर बाट या कुछ पत्थर रखकर up and down का प्रदर्शन व अभ्यास कराएंगे।<br>पलड़े बदल-बदल कर अभ्यास कराएंगे।<br>
➢ पेंसिल के एक सिरे पर चित्रानुसार धागा बांधे व दूसरे सिरे पर एक पत्थर या चाक का टुकड़ा बांधकर झूला बनाएंगे व पत्थर को झुलाते हुए high and low का अभ्यास कराएंगे।<br>
➢ New English word को एक-एक कर बोर्ड में लिखकर correct pronunciation के साथ बोले एवं बच्चों से दोहरावाये।<br>
Example: high, low, air, down, sky etc. को शिक्षक बोलेंगे एवं learner दोहरायेंगे।
</td>
</tr>
<tr>
<td colspan="2">DAY 2 (40 Min.)<br>(Reading Skill)</td>
</tr>
<tr>
<td>Step I</td>
<td>
Activity – Whole class activity “Say aloud”<br>
- शिक्षक सुविधानुसार व्यवस्थित बैठायेंगे।<br>
- सभी word card को एक box में रखेंगे।<br>
- शिक्षक किसी भी एक learner को बुलाकर box से word card को निकालने को कहेंगे।<br>
- Learner word card को निकालकर class के सभी विद्यार्थी को दिखाते हुए word को loudly बोलेंगे।<br>
- यह प्रक्रिया सभी बच्चों से कराएंगे।
</td>
</tr>
</table>

| | |
|---|---|
| | **Note-**<br>(1) यदि learner सही उच्चारण से नहीं बोल पाता है तो class के विद्यार्थी या शिक्षक सही कराएंगे।<br>(2) यह गतिविधि सभी बच्चों के सीखने तक करावें। |
| **DAY 3 (40 Min.)** | |
| **Step I** | **Activity – match the antonyms**<br>- शिक्षक बच्चों का दो समूह बनाएंगे।<br>- सुविधानुसार दोनों समूह को अलग-अलग बैठायेंगे।<br>- सभी opposite word का आवश्यकतानुसार word card बनायेंगे।<br>**Note-** दर्ज संख्या के अनुसार 3-4 set की आवश्यकता हो सकता है।<br>- दोनों समूह के प्रत्येक learner को अलग-अलग opposite word card बाँटेंगे।<br>- शिक्षक words को बोलकर बारी-बारी से match कराकर loudly बोलवायेंगे।<br>**Example-** यदि शिक्षक "high" कहता है तो पहले group के "high" word card पकड़ा हुआ विद्यार्थी खड़ा होगा और card को दिखाते हुए "high" loudly बोलेगा इसे सुनकर दूसरा group का "low" word card पकड़ा हुआ learner अपने स्थान पर खड़ा होकर "low" लिखा हुआ card दिखाकर "low" कहेगा। is प्रकार opposite word का match हो जाएगा।<br>- यह प्रक्रिया सभी word के लिए तथा learner का card बदल-बदल कर करायेंगे।<br>**Note**: Rhyming word के लिए भी यही गतिविधि किया जा सकता है। |

| | |
|---|---|
| | **Note for the teacher :**<br>- प्रस्तावित गतिविधियों को क्रम में या संदर्भानुसार बदला जा सकता है।<br>- उपरोक्त गतिविधियों को समय एवं विद्यार्थियों के सीखने के आधार पर गति देते हुए सम्पन्न कराया जावें।<br>**Classroom language for teacher:**<br>Come here, go there repeat after me, say loudly, what is this, look at the card, pick up a card, etc. |
| **Sum up** | उपर्युक्त activity से learner निर्धारित LOs को प्राप्त कर सकेंगे। |

## Lesson – 16

## WHO IS CLEVER?

**Standard Class Strength:- 30**

**Class Duration: - 40 minutes**

**Expected days to complete the lesson:- 4 days.**

| | |
|---|---|
| **Code of Learning Outcomes that could be addressed** | **LE302, LE303, LE305, LE308, LE311, LE312, LE313, LE314** |
| **Teaching Procedure** | |
| **Objective** | इस पाठ के माध्यम से विद्यार्थी :<br>● उचित हावभाव के साथ अभिनय कर पाएंगे।<br>● सही उच्चारण व pause के साथ पाठ को पढ़ सकेंगे।<br>● विभिन्न प्रकार के जीवों के बारे में तथा उनके व्यव्हार के बारे में समझ सकेंगें।<br>● meaningful short sentences के साथ noun, pronoun, adjectives and prepositions का use कर सके।<br>● punctuation marks, full stop, capital letters का वाक्य में सही जगह पे उपयोग तथा negative व interrogative sentences बनाने का प्रयास कर पायेंगें।<br>● व्यक्तिगत अनुभव या किसी घटना का विवरण अपनी भाषा में कर सकेंगे।<br>● EVS से सम्बंधित vocabulary का उपयोग कर सके। |

| | |
|---|---|
| **Introduction** | शिक्षक बच्चों को जंगल की एक कहानी बताते हुए बच्चों से पालतू व जंगली जानवरों के बारे में चर्चा करेंगें क्योंकि विद्यार्थी अपने आसपास के जानवरों के नाम के साथ साथ उनके खान-पान, रहन-सहन और व्यव्हार के बारे में जानते है, और इसी तरह सभी जानवरों के मुखौटे दिखाकर पाठ को प्रारंभ करेंगें। |
| **Preparation for the activity** | Flash cards, animals' face mask. |
| **DAY 1 (40 min.)**<br>(Listening skill) | |
| **Step I** | शिक्षक पहले पाठ को पढेंगे, बच्चे दोहराएँगे और पाठ में आये कठिन शब्दों को expression के साथ बताएँगे जैसे – loudly, humbly, proudly........<br>सभी जानवरों के बारे में बताया जायेगा जैसे – पहचान करना, आवाज़, व्यव्हार, विशेषताएं आदि \| |
| **Step II** | Teacher lesson को repeat करेंगें और जिन जिन बच्चों को mask distribute किया गया था उन्हें एक एक करके बुलाया जायेगा और अपने mask के अनुसार वे अपने आप को introduce करेंगें।<br>Student withlion's mask: I am lion, theking of the jungle.<br>...................................<br>....................................<br>Student with peacock's mask: .................................<br>.....................................<br>Student with Cheetah's mask .<br>.....................................<br>....................................... |

| | |
|---|---|
| **Step III** | students से questions करेंगें<br>--Who is this ?<br>--where is it live ?<br>--Is it pet or wild animal ?<br>--......................................<br>--...................................... |
| **DAY 2 (40 Min.)<br>(Reading Skill)** | |
| **Step I** | सभी जानवरों के mask बच्चों को बाँट दिया जायेगा। जिस बच्चे को जो mask मिलेगा text book से उसे अपना पाठ छांटकर, पढ़कर सुनाएंगे एवं mask पहनकर हावभाव के साथ expression, proper pronunciations के साथ पूरा प्ले करेंगे। |
| **Step II** | बच्चों को जानवरों के mask दिखाते हुए उनको introduce करने की practice कराएँगे। पूरे वाक्य बोलने के लिए कोष्टक में दिए शब्दों में से उचित शब्द चयन करने हेतु मार्गदर्शन दें।<br>(Meat, insects, grass, leaves)<br>I am Lion . I am a (pet/wild) animal. I like to eat ………<br>I am ……….. I am a ………………I like to eat ………..<br>I am ………… I am a ……………. I like to eat ………..<br>I am ………… I am a ……………. I like to eat ………..<br>I am ………… I am a ……………. I like to eat ………..<br>I am ………… I am a ……………. I like to eat ……….. |
| **Step III** | शिक्षक द्वारा बच्चों को कार्य निर्देशित किया जायेगा और निम्नलिखित को पूरा करने के लिए कहा जायेगा<br>प्रत्येक जानवर कि एक-एक विशेषताए बताये- जैसे<br>I am Lion, the king of the jungle.<br>I am weaver bird , I can…………….<br>I am Peacock, ………………………….. |

| | |
|---|---|
| | I am cheetah, …………………………..<br>I am camel, …………………………..<br>**Note for the teacher:**<br>• किसी भी एक animal/bird के बारे में तीन-चार sentences लिखकर मंगवाएँ।<br>• अलग-अलग बच्चों को किसी एक animal/bird का नाम बताएँ एवं उनका role करने के लिए sentence (dialog) याद करने को कहेंगे।<br>• Next day role play करवाएंगे। |
| **DAY 3 (40 Min.)** | |
| | **Activity- Role play**<br>जिस बच्चे को जिस animal/bird का role मिला है उसका मुखौटा पहना दे और role play करने को कहें। |
| **DAY 4 (40 Min.)** | |
| | **Activity-**<br>• Teacher 4-5 बच्चों के कुछ समूह बनाकर छोटी-छोटी कहानियाँ पढ़ने देंगे।<br>(example- monkey and crocodile, thirsty crow)<br>• शिक्षक पढ़ने में उनकी सहायता करेंगे।<br>• पढ़ी हुई कहानी में आए परिचित शब्दों की सूचि व अपरिचित (new words) की सूचि बनवा सकते हैं। |
| **Sum up** | निर्धारित LOs प्राप्त कर लेंगे। |

# क्या आप जानते हैं
# इकबाल आपसे क्या कह रहा है?



# इकबाल आपसे कह रहा है
# मैं कक्षा में प्रथम आया!

## सांकेतिक भाषाः सामान्य परिचय


सांकेतिक भाषा का उपयोग श्रवण बाधित व्यक्ति द्वारा संप्रेषण हेतु किया जाता है। सुनने के अभाव में श्रवण बाधित सांकेतिक भाषा का उपयोग करते हैं। आमतौर पर लोगों की धारणा है कि सांकेतिक भाषा में व्याकरण का अभाव होता है परन्तु यह सही नहीं है, सांकेतिक भाषा में भी व्याकरण है। व्याकरण की दृष्टि से अमेरिकन सांकेतिक भाषा सबसे ज्यादा उन्नत है। अमेरिकन सांकेतिक भाषा फिंगर स्पेलिंग पर निर्भर है तथा वहां सिंगल हैण्डेड फिंगर स्पेलिंग का प्रयोग किया जाता है। इंडियन सांकेतिक भाषा में डबल हैंड़ेड फिंगर स्पेलिंग का प्रयोग किया जाता है। आइये अब हम डबल हैंड़ेड फिंगर स्पेलिंग जाने–





Copyright © 2008 ARUSHI. All rights reserved.

# हम पुस्तक क्यों पढ़ें?

अच्छी पुस्तकें हमारी सर्वोत्तम मित्र हैं। अध्ययन करते समय शैक्षणिक पुस्तकों द्वारा हमें अच्छा शिक्षण प्राप्त होता है। इसके अतिरिक्त बहुत सी ज्ञानप्रद और संस्कारप्रेरक पुस्तकों तथा शास्त्रों का मनुष्य के जीवन-निर्माण में अमूल्य योगदान रहता है। अनुचित पुस्तकों को पढ़ने से व्यक्तित्व पर बुरा प्रभाव पड़ता है।

| ✓ | ✗ |
|---|---|
| सदैव सूचनाप्रद ज्ञानवर्धक तथा धार्मिक पुस्तकें-पत्रिकाएँ पढ़ता है।  | फिल्मी पत्रिकाएँ और स्तरहीन साहित्य पढ़ता है।  |
| शांत और व्यवस्थित स्थान पर बैठकर एकाग्रचित्त हो पुस्तकें पढ़ता है।  | अपनी मनमानी करते हुए बैठकर, लेटकर अथवा टहलते अनुचित तरीके से पुस्तक पढ़ता है।  |
| पुस्तक के मुख्य अंशों को याद रखने के लिए उचित 'बुकमार्क' का प्रयोग करता है।  | पुस्तकों में लाइन खींच देता, यहाँ-वहाँ व्यर्थ के शब्द लिख देता तथा पन्ने फाड़कर फेंक देता है।  |
| पुस्तकें पढ़कर उचित स्थान पर रखता है।  | उल्टे-सीधे जहाँ चाहा, वहीं पुस्तकें फेंक देता है।  |




fruits name :

